● जयपुर, सोमवार, 24 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 296 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000



पेज @3 शिक्षकों की राष्ट्र निर्माण में होती हैं अहम भूमिका, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा...

पेज @5 अलवर में थाना वैशाली नगर एवं एनईबी पुलिस की कार्रवाई...

पेज @8 » डॉ मुखर्जी के ''एक देश में दो निशान, दो विधान और दो...

## इसरो ने फिर किया कमाल, रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल-एलईएक्स-03 'पुष्पक' की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग कराकर बड़ी सफलता हासिल की है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल को लैंड कराने में सफलता हासिल करने के बाद अब इसरो के लिए 'पुष्पक' का ऑर्बिटल री-एंट्री टेस्ट करने का रास्ता साफ हो गया है। इसरो ने रविवार को एक बयान में कहा कि



'पुष्पक' ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्नत स्वायत्त क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए एक सटीक होरिजेंटल लैंडिंग को अंजाम दिया।

यह परीक्षण बेंगलुरु से लगभग 220 किमी दूर चित्रदुर्ग जिले के चल्लकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में आयोजित किया गया था। पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। दूसरे एक्सपेरिमेंट के दौरान पुष्पक को 150 मीटर की क्रॉस रेंज से छोड़ा गया था। इस बार क्रॉस रेंज बढ़ाकर 500 मीटर कर दिया गया था। जब पुष्पक को हेलिकॉप्टर से छोड़ा गया था, उस वक्त उसकी लैंडिंग वेलोसिटी 320 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी। ब्रेक पैराशूट की मदद से टचडाउन के लिए इसकी विलोसिटी को घटाकर 100 किमी प्रतिघंटा तक लाया गया।

आरएलवी प्रोजेक्ट इसरो का एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है, जो अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति की भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक तकनीक उपलब्ध कराता है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल से इसरो को स्पेस में लो-कॉस्ट एक्सेस मिलेगा यानी स्पेस में ट्रैवल करना सस्ता हो जाएगा। इस सैटेलाइट से प्रोजेक्ट लॉन्चिंग सस्ती होगी, क्योंकि इसे दोबारा प्रयोग में लाया जा सकेगा।

पृथ्वी की कक्षा में घूम रही किसी सैटेलाइट में अगर खराबी आती है तो इस लॉन्च व्हीकल की मदद से उसको नष्ट करने की बजाय रिपेयर किया जा सकेगा। इसके अलावा जीरो ग्रैविटी में बायोलॉजी और फार्मा से जुड़े रिसर्च करना आसान हो जाएगा। पहला लैंडिंग एक्सपेरिमेंट 2 अप्रैल 2023 और दूसरा 22 मार्च 2024 को किया गया था। यह अंतिम लैंडिंग एक्सपेरिमेंट था, जो सफल रहा। अब इसरो इस लॉन्च व्हीकल का ऑर्बिटल री-एंट्री टेस्ट करेगा। इस टेक्नोलॉजी से रॉकेट लॉन्चिंग सस्ती होगी और अंतरिक्ष में उपकरण पहुंचाने में कम लागत आएगी।

**न्यूज़ अपडेट**

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर खाई में गिरी बस, 42 घायल

**कन्नौज/एजेंसी।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बस पलटकर खाई में गिर गई। हादसे में 42 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह एक निजी डबल डेकर बस थी, जो जौनपुर से दिल्ली जा रही थी। अल सुबह चालक को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। घायलों में 30 को इलाज के लिए सौरिख सरकारी अस्पताल और 12 को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। एएसपी, सीओ समेत कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को बाहर निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह हादसा छिबरामऊ तहसील के सौरिख थाना क्षेत्र में हुआ। घायल यात्रियों की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र कल से, नए सदस्य लेंगे शपथ

**नई दिल्ली/एजेंसी।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। वहीं लोकसभा स्पीकर के पद के लिए चुनाव भी होंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। अप्रैल-जून में हुए लोकसभा चुनाव बाद यह पहला लोकसभा सत्र होगा। 18वीं लोकसभा में एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है, जबकि भाजपा के पास 240 सीटें हैं। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के पास 234 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के पास 99 सीटें हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य सुबह 11 बजे से शपथ लेंगे। पीएम मोदी के शपथ लेने के बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसद एल्फाबेटिकल ऑर्डर में शपथ लेंगे यानी असम के सांसदों का क्रम सबसे पहले आएगा वहीं पश्चिम बंगाल के सांसद सबसे आखिर में शपथ लेंगे।

### जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में अभियान के दौरान एक आतंकवादी का शव बरामद

**श्रीनगर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में जारी घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान रविवार को सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी का शव बरामद किया। एक अधिकारी ने बताया, आज (रविवार को) एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया, जबकि दूसरे मृत आतंकवादी की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि इलाके में अभी भी ऑपरेशन चल रहा है। इससे पहले, शनिवार को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी थी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए थे।

**केंद्र सरकार ने लिया बड़ा फैसला**

## सीबीआई करेगी नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच

**नई दिल्ली/एजेंसी**

शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 5 मई 2024 को ओएमआर मोड में एनईईटी (यूजी) परीक्षा आयोजित की थी। जिसमें अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है।

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 भी लागू किया है। सरकार का कहना है कि वह परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पेपर लीक में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल केंद्र सरकार ने शनिवार को स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनईईटी परीक्षा के संबंध में कथित अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है। नीट पर-ीक्षा 5 मई को देश के 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने इसमें भाग लिया था। परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे।




### संजीव मुखिया का राइट हैंड है चिंटू जिसका काम- पेपर आउट कराना..

**पटना/एजेंसी**

नीट पेपर लीक केस से पूरा देश हिल गया है. यह मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है. मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. जिसमें कई बड़े खुलासे हुए हैं. इन्हीं आरोपियों में से एक है झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया गया चिंटू. जिसका काम पेपर आउट कराना है. नीट पेपर की आंसर शीट भी चिंटू के मोबाइल पर ही सबसे पहले आई थी. नीट पेपर लीक कांड में झारखंड के देवघर से चिंटू उर्फ सिंटू उर्फ बलदेव को गिरफ्तार किया गया था. वह गांव कराई सराय के गुलरिया बीघा का रहने वाला है. बता दें कि चिंटू की गिरफ्तारी के बाद से घर वाले भी गायब हैं. उसके पिता ओमप्रकाश शाह ने हार्डवेयर की दुकान खोली थी. तो वहीं चिंटू की पत्नी पेशे से नर्स है. गांव वालों ने बताया चिंटू गांव बहुत कम आया करता है. चिंटू लीक पेपर कांड के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का राइट हैंड है. चिंटू के मोबाइल पर ही नीट की आंसर शीट आयी थी. जिसके बाद खेमनी चक के लर्न प्ले स्कूल में इसी आंसर शीट को रटवाया गया था.

### पति-पत्नी बने सोनाक्षी-जहीर, सामने आईं शादी की तस्वीरें



**मीडिया को बांटी शादी की मिठाई**

**नई दिल्ली/एजेंसी**

सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बन गई हैं. कपल की रजिस्टर्ज मैरिज अब संपन्न हो चुकी है. दोनों की फैमिली और खास दोस्त इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे. शादी होने के बाद उन्होंने मीडिया को मिठाई भी बांटी. अब शादी के बाद कपल एक शानदार रिसेप्शन भी देगा. सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने कोर्ट मैरिज कर ली है, जिसके बाद दोनों ने शादी का ऐलान करते हुए इंस्टाग्राम पर खूबसूरत पोस्ट शेयर किया है. वहीं इस खास दिन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. इस पर फैंस और सेलेब्स प्यार बरसाते हुए नजर आ रहे हैं. इससे पहले एक्ट्रेस के पिता और दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा ने भी बेटी और दामाद को मीडिया से बात करते हुए अपना आशीर्वाद दिया.

इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने पति जहीर इकबाल के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें पहली फोटो में दूल्हेराजा अपनी दुल्हनिया का हाथ चूमते नजर आ रहे हैं. दूसरी फोटो में जहीर इकबाल शादी के कागजों पर साइन करते हुए दिख रहे हैं. वहीं सोनाक्षी को पिता शत्रुघ्न सिन्हा का हाथ थामे मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है. तीसरी फोटो में कपल रोमांटिक पोज देते हुए नजर आ रहा है. लुक की बात करें तो एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने शादी के लिए क्रिम कलर की खूबसूरत साड़ी चुनी है. जबकि सिंपल ज्वैलरी के साथ बालों में सफेद फूल लगाया हुआ है. वहीं जहीर वाइट कलर के कुर्ते पजामे में नजर आ रहे हैं.

इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आज ही के दिन, सात साल पहले (23.06.2017) हमने एक दूसरे की आंखों में प्यार को उसके सबसे शुद्ध रूप में देखा और उसे थामे रखने का फैसला किया. आज उस प्यार ने हमें सभी चुनौतियों और जीत के माध्यम से मार्गदर्शन कियाज्और इस पल तक ले आयाज्जहां हमारे दोनों परिवारों और हमारे दोनों देवताओं के आशीर्वाद सेज्हम अब पति-पत्नी हैं. यहां प्यार, उम्मीद और एक दूसरे के साथ सभी खूबसूरत चीजें हैं,

**नासा की यह डरावनी रिपोर्ट**

## तारीख तय: 12 जुलाई 2038 को आएगी प्रलय? क्या सिर्फ 14 साल और है पृथ्वी का अस्तित्व!

**वाशिंगटन/एजेंसी**

अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने एक काल्पनिक टेबलटॉप एक्सरसाइज की रिपोर्ट में बताया कि एक संभावित खतरनाक क्षुद्रग्रह यानी स्टेरॉयड पृथ्वी से टकराने वाला है और इस बार हम इसके लिए एकदम तैयार नहीं हैं.

इस विशालकाय माने जा रहे स्टेरॉयड के टकराने की संभावना 72% है. हालांकि निकट भविष्य में ऐसा कोई स्टेरॉयड नहीं है जिसकी पहचान की गई हो लेकिन आने वाले 14 सालों में यह अनजाना स्टेरॉयड टकरा सकता है. नासा की इस रिपोर्ट में बताई गई तारीख के मुताबिक यह समय 14.25 साल में आने वाला है और इसकी तारीख होगी- 12 जुलाई 2038.

नासा की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, उसने अप्रैल में पांचवां प्लैनेटरी डिफेंस इंटरएजेंसी टेबलटॉप प्रैक्टिस की थी. 20 जून को नासा ने जॉन्स हॉपकिन्स एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी (एपीएल) में हुई इस रिहर्सल के बारे में बताया. जब यह टेबलटॉप अभ्यास किया गया तब नासा के अलावा विभिन्न अमेरिकी सरकारी एजेंसियों और एंटरनेशनल स्तर के कुल 100 विशेषज्ञ वहां शामिल थे.

टेबलटॉप प्रैक्टिस की समरी में कहा गया कि अभ्यास के दौरान पार्टिसिपेंट्स ने एक काल्पनिक परिदृश्य के लिए खास तरह का माहौल तैयार किया जिसमें पहले कभी नहीं पहचाने गए स्टेरॉयड की पहचान की गई थी. इसे लेकर की गई प्रारंभिक गणना के मुताबिक, यह करीब 14 साल के भीतर 12 जुलाई 2038 को टकरा जाएगा. हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह कितना बड़ा होगा, इसका कंपोजिशन, लॉन्गटर्म ट्रेजेक्टरी क्या होगा. रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह पूरी एक्सरसाइज इस तरह के खतरे से निपटने की पृथ्वी की क्षमता का आकलन करने के लिए की गई थी. वाशिंगटन में नासा हेडऑफिस में प्लेनेटरी डिफेंड ऑफिसर लिंडले जॉनसन ने कहा, एक बड़ा स्टेरॉयड संभावित रूप से एकमात्र प्राकृतिक आपदा है जिसका प्रिडिक्शन करने की ताकनीक इंसानों के पास है और इसीलिए इसे प्रीवेंट करने का रास्ता भी तकनीकी रूप से खोजने की कोशिश इंसानों द्वारा की जा सकती है. गौरतलब है कि नासा के ऊअफ्ळ (डबल एस्टेरॉयड रिडायरेक्शन टेस्ट) मिशन के डेटा का उपयोग करने वाली यह अपने तरह की पहली एक्सरसाइज थी.



# कितना जायज है ईवीएम पर सवाल?

देश में प्रायः हर उस चुनाव के बाद विद्युतीय मतदान मशीन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) पर सवाल उठते रहे हैं, जब किसी भी विपक्ष की सरकार नहीं बन पाती। इस बार भी लोकसभा चुनाव के बाद देर से ही सही, लेकिन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) ईवीएम पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि अभी स्वर इसलिए भी धीमे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव में विपक्ष के राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत बढ़ाकर एक मजबूत विपक्ष बनने का रास्ता तैयार कर लिया है। देश के राजनीतिक इतिहास में ऐसा दृश्य पहली बार दिख रहा है, जब विपक्ष सरकार बनाने से दूर रहकर भी अपनी विजय का अहसास करा रहा है।

इसके विपरीत सत्ता पाने वाले राजग इस बात की समीक्षा कर रहा है कि उसकी सीटें कम कैसे हो गई। जबकि यह समीक्षा विपक्षी दलों को करना चाहिए। खैर, बात हो रही थी ईवीएम की। इस लोकसभा चुनाव से पूर्व भी भाजपा के नेतृत्व में दो बार केंद्र में सरकार बनी, तब भी विपक्ष का यही मानना था कि ईवीएम की गड़बड़ी के कारण ही भाजपा ने विजय प्राप्त की है। हालांकि इन दस वर्ष के दौरान कई बार ऐसे चुनाव परिणाम भी आए हैं, जिसमें भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन विसंगति यही है कि इसके बाद विपक्ष की ओर से ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठाए गए। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि विपक्ष की ओर से स्थिति देखकर ही सवाल उठाए जाते हैं। विपक्षी राजनीतिक दलों को ऐसा ही लगता है कि भाजपा के पास कोई जनाधार नहीं है। वे मात्र ईवीएम के सहारे ही जीतते हैं। जबकि विपक्ष के किसी राजनीतिक दल को किसी राज्य में सत्ता प्राप्त हो जाए तो फिर ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए जाते।

हम जानते हैं कि विपक्ष को केवल भाजपा की जीत से परहेज है। वे भाजपा की जीत को पचा नहीं पाते, जबकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी को छप्पर फाड़ समर्थन मिला था, लेकिन तब ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठा। हमें स्मरण होगा कि सन 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी दलों के अधिकतर नेताओं ने एक स्वर में ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे। तब इन सवालों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को बुलाया था कि ईवीएम को कोई हैक करके दिखाए। लेकिन उस समय ज्यादा विरोध करने वाले कोई भी राजनेता चुनाव आयोग के बुलावे पर नहीं पहुंचे। इसका तात्पर्य यही है कि विपक्ष के ईवीएम पर आरोप का कोई पुष्ट आधार नहीं है। इस बार भी केवल आशंका के आधार पर ईवीएम को निशाने पर लाने की कोशिश की जाने लगी है। चुनाव परिणाम के बाद इस बात की पूरी संभावना बन रही थी कि इस बार ईवीएम को आड़े हाथ लिया जाएगा। इसलिए चुनाव आयोग ने भी ईवीएम को लेकर उत्पन्न होने वाले भ्रम को दूर करने का प्रयास किया। लेकिन इतना होने के बाद भी यह भ्रम दूर नहीं हो सका और ईवीएम पर आरोप लगने शुरू हो गए हैं।

यह विवाद कितनी दूर तक जाएगा, यह तो कहना मुश्किल है, लेकिन ज़ब धुआं उठने लगा है तो आग भी कहीं न कहीं लगी ही होगी। अब विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग और ईवीएम दोनों ही हैं। विपक्ष की ओर से यह कई बार कहा गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के संकेत पर कार्य करता है। वास्तविकता यह है कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जिस पर न तो किसी सरकार का कोई प्रभाव रहता है और न ही किसी राजनीतिक दल का। फिर भी चुनाव आयोग को क्यों विवाद में घसीटा जाता है। यहां यह भी बताना बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर विदेश का कोई व्यक्ति या संस्था भारत के बारे में कोई सवाल उठाता है तो हमारे देश के कुछ लोग उस पर आंख बंद करके विश्वास कर लेते हैं, जबकि हमारे देश के संस्थान केवल सफाई देते रहते हैं। अभी हाल ही में एलन मस्क द्वारा यह कहकर सनसनी फैलाने का ही काम किया है कि ईवीएम हैक हो सकती है। एलन मस्क ने यह बयान क्यों दिया, यह तो वही जानें, लेकिन विदेश के लोगों द्वारा भारत के बारे में ऐसे विवादित बयान कई बार दिए जा चुके हैं, जिसको आधार बनाकर भारत की राजनीति को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान की तरफ से तो मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए एक अभियान सा चलता दिखाई दिया। बेहतर यही होता कि विदेश के किसी भी व्यक्ति को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से आईना दिखाने का कार्य किया जाता। क्योंकि यह भारत के अंदरुनी मामले हैं, जिनका समाधान कोई विदेशी कभी नहीं निकाल सकता।

ईवीएम पर सवाल उठाने से पहले यह सोचना होगा कि भारत एक बड़ा देश है। ईवीएम प्रणाली से समय की बचत तो होती ही है, साथ ही व्यय में भी कमी आती है। ईवीएम को लेकर जो सवाल अभी उठ रहे हैं, वे सवाल वास्तव में उस समय उठने चाहिए थे, ज़ब ईवीएम को भारत में लाया गया। उस समय की कांग्रेस की सरकार इसे लेकर आई। ऐसा लगता है कि उस समय यह ठीक थी, लेकिन बाद में उसी को बुराई के रूप में देखा जाने लगा। सत्यता यही है कि किसी भी विवाद में एक पक्ष को पराजित होना ही पड़ता है। यह पराजय भले ही न्यायपूर्ण हो, लेकिन जो हारता है उसे वह न्याय भी अन्याय जैसा ही लगता है। ईवीएम भी कुछ ऐसे ही वाकये का शिकार हो रही है। लोकसभा चुनाव के बाद देश में नई सरकार का गठन हो चुका है। परिणाम के बाद जो राजनीतिक स्थिति बनी है, उसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी अन्य सभी दलों से बहुत आगे है। इसका तात्पर्य यही है कि भारत की जनता की पहली पसंद आज भी भाजपा ही है। इस सत्य को स्वीकार करना ही होगा। निराधार आरोप लगाने की राजनीति ने कभी देश का भला नहीं किया, इसलिए अब देश के बारे में सोचिए। यह समय की मांग है।

# दक्षिण अफ्रीका चुनावों में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे



आरके सिन्हा

भारत के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं।

दक्षिण अफ़्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाज़ुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ़्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ़्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिलकुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ़्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ़्रीका पहुँचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में




ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाज़ुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ़्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ़्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला।यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ़्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं।

एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ़्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया। लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ।

खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। मौजूदा दौर में अफ्रीका के कई देश तेजी से आर्थिक विकास कर रहे हैं। अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ भी अफ्रीका में संभावनाए तलाशता रहा है। कारोबारी रिश्ते में भारत अभी इन सभी से पीछे है। ऐसे वक्त में जब कि चीन की अर्थव्यवस्था उतार पर है। यूरोप भी संकट से जूझ रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत के पास अफ्रीका के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का बेहतरीन मौका है। भारत की चोटी की कंपनियों जैसे टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अफ्रीका में तगड़ा निवेश है। अफ्रीका में हर जगह टाटा की उपस्थिति दिखती है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबो डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अफ्रीकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है।

इस बीच, अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अफ्रीका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। इसके करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। यह संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। जैसे कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यहां गुलाब ही गुलाब हैं। यहां गुलाब के लाल,पिंक,सफेद समेत साढ़े पांच हजार से अधिक पौधों की 65 प्रजातियां खुशबू बिखेरती हैं। इधर का सारा वातावरण बेहद सुंदर और आनंद की अनुभूति देता है। दिल्ली में अफ्रीका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। वैसे राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नामों पर भी सड़कें हैं। क्वामें नक्रूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट आफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी। उसी दौर में यहां विभिन्न अफ्रीकी देशों के नौजवान पढ़ने के लिए आने लगे। उनमें केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी चालू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी।

अतः ऐसा लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधान्मत्रित्व काल की भारत सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ़्रीकी देशों से सम्बन्ध और मजबूत और स्थायी करेगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# शिक्षा को ध्यान की दरकार है



गिरीश्वर मिश्र

देश के सामर्थ्य के लिए शिक्षा का महत्व सभी जानते हैं, मानते हैं और बखानते हैं। समकालीन चर्चाओं में 'युवा भारत' की भूमिका सभी लोग दुहराते हैं और 'डेमोग्रेफिक डिविडेंड' की बातें करते नहीं थकते। चुनावी घमासान में सबने एक स्वर से देश को आगे ले जाने की क़समें खाईं थीं किंतु शिक्षा की प्रासंगिकता तथा रोज़गार के लिए शिक्षा के महत्व को लेकर लगभग सभी मौन ही धारण किए रहे। वे इसकी स्थिति से से संतुष्ट थे या फिर थक हार कर यह मान चुके हैं कि इस सिलसिले में कुछ भी मुमकिन नहीं है। मंहगाई, बेरोज़गारी, आरक्षण की सख़्त ज़रूरत, पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और भारतीय संविधान की सुरक्षा जैसे भारी भरकम मुद्दों के बीच शिक्षा और संस्कृति से जुड़े सवाल लगभग नदारद थे। घोषणा-पत्र, संकल्प-सूची और गारंटियों की काकली के बीच शिक्षा द्वारा मनुष्य के निर्माण और उसके संवर्धन और संरक्षण से जुड़े प्रश्न की कोई जगह नहीं थी। सभी नेता मौखिक रूप से देश को बचाने, बनाने, समता लाने तथा सबको सुखी बनाने के लिए तैयार थे। सभी नेता बढ़-चढ़ कर गरीबों को अनाज देने, मुफ़्त रुपये बाँटने और सभी तरह की भौतिक सुविधाएँ जुटाने की घोषणा करने और खटाखट ख़ैरात बाँटने को तैयार थे, यह जान कर भी कि सरकार के पास कोई जादुई तिजोरी नहीं है कि फटाफट सब कुछ सब को मुहैया कर दिया जाये। वे यह भी नहीं सोच रहे थे कि सार्वजनिक मुफ़्तखोरी की लत का नुक़सान सबको भुगतना पड़ेगा। आख़िर अकर्मण्य बनाने में किसका भला होगा? मनुष्य बनने लिए संस्कार की आवश्यकता पड़ती है। यही समझ कर शिक्षा की संस्थाएँ बनी। भारत इस तरह के प्रयास में अग्रगण्य था। यहाँ के नालंदा और तक्षशिला के बहु अनुशासनात्मक और समावेशी विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय संसार में कहीं न थे। औपनिवेशिक दौर में शिक्षा की जो व्यवस्था रोपी गई उसके फलस्वरूप हम जिस तरह पिछड़े उससे अभी तक उबर न सके। यह बिडम्बना ही कही जाएगी कि विकसित भारत का नारा देते हुए आज देश में शिक्षा आज कई तरह की दुर्दशाओं के दौर से गुजर रही है।

यह एक दुखद सत्य है कि स्वतंत्र भारत में चर्चाएँ होती रहीं, आयोग बनते रहे, शोध रपटें आती रहीं, योजनाओं का खाका भी बनता रहा, कुछ आधे-अधूरे कदम भी उठाए गए परंतु कभी भी शिक्षा की ओर समग्रता से तथा व्यावहारिक स्तर पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा सका था। इसके लिए ढुलमिल और टालू नज़रिया ही अपनाया जाता रहा। मोदी सरकार के पहले दौर से ही वर्ष 2015 में शिक्षा में सुधार का वादा ही नहीं किया गया बल्कि बल्कि नई शिक्षा नीति का बनाने की क़वायद भी शुरू की। सांकेतिक पहल के रूप में 'मानव संसाधन मंत्रालय' का नाम 'शिक्षा मंत्रालय' कर दिया गया था। दूसरे कार्यकाल में अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए सरकार ने 2020 में अंतरिक्ष विज्ञानी डा कस्तूरीरंगन की अगुआई में लम्बे सलाह-मशविरे के बाद नई शिक्षा नीति आई। सबको आशा बंधी कि शिक्षा में एक नया सबेरा आने वाला है । उसकी कुछ झलक भी मिली थी पर अभी भी लम्बी दूरी तय करना शेष है। अब 2024 में मोदी सरकार की 71 मंत्रियों की फ़ौज के साथ तीसरी पारी सौदिनी एजेंडे के साथ शुरू हो चुकी है। शिक्षा के लिए उसमें क्या जगह है यह तो स्पष्ट रूप से पता नहीं पर पुराने शिक्षा मंत्री ही फिर से दायित्व सँभाल रहे हैं और विभाग का काम-धाम रूटीन में पहले जैसा ही चलता रहेगा।

याद रहे कि शिक्षा नीति-2020 कक्षा तीन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक की शिक्षा में 'आमूल-चूल परिवर्तन' लाने की विशाल महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ी थी। इस नीति को लागू करने की योजना पर खंड-खंड में कुछ काम भी शुरू हुआ। कुछ समितियाँ बनीं, कुछ गोष्ठियाँ भी हुईं और साथ में अनेक स्तरों पर और विभिन्न समूहों के साथ विचार-विमर्श भी चलता रहा। नीति की आत्मा को समझ कर नियमों और व्यवस्थाओं में फेर-बदल भी हुए थे। कई परिवर्तन कुछ जगहों पर लागू हो चुके हैं। पर प्रगति देखते हुए यही लगता है कि रस्म अदायगी ही हो रही है। आधे-अधूरे ढंग से धीमी गति से इस पर काम चल रहा है। शिक्षा के संचालन में विकल्पों की व्यवस्था, रुख़ में लचीलापन, व्यवस्था की सहजता, स्थानीयता पर बल, पारिस्थितिकी की चिंता, संस्कृति के साथ जुड़ाव, कुशलता-निर्माण को महत्व, रोज़गार की उन्मुखता और शिक्षा देने में मातृभाषा के अधिकाधिक उपयोग की बात लिखित और मौखिक रूप में बार-बार सरकारी तंत्र द्वारा दुहराई जाती रही है। ये संकल्प जितने आकर्षक हैं उनको लागू करना उतना ही कठिन है। परिणाम है कि पहले की तुलना में परिसरों में दुर्व्यवस्था बढ़ती जा रही है और अध्ययन, अध्यापन तथा शोध की गुणवत्ता में गीयवत दर्ज हो रही है। आज शिक्षा के ज़्यादातर परिसर सिर्फ़ प्रवेश लेकर परीक्षा करा रहे हैं और डिग्री देने में व्यस्त हैं। साल में दो बार प्रवेश की ताजी योजना शिक्षा संस्थाओं को और व्यस्त करने वाला होगा। शिक्षा का सम्पादन दिनों-दिन कमजोर होता जा रहा है। ख़ास तौर पर स्कूली शिक्षा की स्थिति पूरे देश में ख़स्ता हाल हो रही है। नीति-हीनता की विपत्ति यह है कि शिक्षक-प्रशिक्षण की व्यवस्था क्या हो? उसका पाठ्यक्रम कैसा हो? और कितने समय में उसे कैसे किया जाये? आदि प्रश्नों को लेकर कोई स्पष्ट और दृढ़ व्यवस्था नहीं हो पाई है और क़स्मि-क़स्मि के संशय बरकरार हैं।

शिक्षा के ज़मीनी हालात चिंताजनक हो रहे हैं और कोई उसका पुरसाहाल लेने वाला नहीं है। कागज़-पत्र की कार्रवाई बेशक ख़ास हो रही है। नैक है, एनआईआरएफ़ है, यूजीसी है और और भी बहुत कुछ है पर शिक्षा जगत में संसाधनों का घोर अकाल पड़ा है। उस स्थिति में 'आनलाइन' एक बड़ा सहारा बन कर अवतरित हुआ है। अब प्रवेश, पढ़ाई, परीक्षा और अनुसंधान सब काम इसकी बदौलत चल पड़ा है। गुरु-शिष्य संबंध और शिक्षा के साक्षात सजीव अनुभव अब इतिहास की बात होती जा रही है। नीट आदि हर तरह की परीक्षा में पेपर लीक होना, परीक्षा परिणाम में धांधली और मानकों को धता बताना आम बात हो रही है। प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक लगभग सभी संस्थाओं में अध्यापकों की कमी बनी हुई है। जहां नियुक्ति हो रही है वहाँ किस तरह की धांधली होती है यह बंगाल के उदाहरण से बख़ूबी से समझी जा सकती है जो पकड़ में आकर सार्वजनिक हो चुका है। प्राचार्य और कुलपति आदि उच्च पदों को लेकर भी नाना प्रकार के संशय की गहरी छाया बनी हुई है। आर्थिक अपराध, चारित्रिक विचलन, नियमों की अवहेलना और साहित्यिक चोरी जैसी दुर्घटनाएँ शैक्षिक परिसरों में तेज़ी बढ़ रही हैं। बहुत से कुलगुरुओं को पद से हटाना पड़ा और बहुत से आरोपित हैं। शिक्षा की पवित्र संस्कृति लुप्त होती जा रही है। यहाँ भी बाज़ार के तर्ज़ पर ही फ़ायदे का सौदा और ख़रीद फ़रोख़्त चलता है।

शिक्षा और परीक्षा की गुणवत्ता के साथ समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दुर्भाग्य से माँग के अनुसार स्तरीय शिक्षा देने में हम लोग पिछड़ते गये और शैक्षिक संस्थाओं की व्यवस्था में निजीकरण छाता गया। सरकारी संस्थाओं की बदहाली के बीच निजी संस्थाओं की बाढ़ आ गई है। वे फल फूल रहे हैं और मनमानी फ़ीस वसूल रहे हैं। कोचिंग, ट्यूशन भी बड़े विशाल पैमाने पर शुरू हुई। अब साल्वर गैंग शिक्षण और परीक्षा को प्रदूषित कर रहा है । परीक्षाओं में बहु विकल्पों वाले सवाल चल रहे हैं जिनके लिए रटने पर ज़ोर है। नेट की परीक्षा जो अध्यापक के चुनाव की है उसमें अभिव्यक्ति, विवेचन और समीक्षा की क्षमता जाँचने की जगह बहु विकल्प के प्रश्न दिए जा रहे हैं। इन सबसे ज़रूरी क्षमता का ठीक ठीक आकलन नहीं हो पाता। एन टी ए सरकार के निर्देशन में सिर्फ़ कामचलाऊ तर्ज पर ठेके पर कार्य कर रही थी। फलतः नाजायज़ तरीक़ों से कमाई करने वाले जगह-जगह से उसमें सेंध लगा रहे थे जिसका ख़ामियाज़ा छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। उनके परिश्रम, समय और आर्थिक नुक़सान की चिंता किसी को नहीं है। एनटीए के डीजी को बदल देना और व्यवस्था में चौकसी के लिए क़ानून पास करना नाकाफ़ी है।

आज भारत में शिक्षा की दयनीय दशा पर विचार कर ठोस कदम उठाना बेहद ज़रूरी हो गया है। आज एक ओर यदि महत्वाकांक्षाओं की कोई सीमा नहीं दिख रही है तो दूसरी ओर शैक्षिक तैयारी में लगातार गिरावट हो रही है। अध्यापकों का अकाल और उनके चयन में धांधली की घटनायें कई प्रदेशों में हुई हैं। इसे देखते हुए मौक़ापरस्त शार्ट कट और आपराधिक उपाय अपनाते हुए सक्रिय हैं। आज भी शिक्षा के लिए जीडीपी का तीन प्रतिशत के क़रीब खर्च होता है और छह प्रतिशत का वादा झूठा ही रह रहा है। पेपर लीक होना और ग्रेस मार्क देना आज तो रोग का लक्षण भर है। उससे जुड़े लोगों पर कड़ी कारवाई तो होनी ही चाहिए पर इस चेतावनी को सुनने की और उस पर गौर कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार अनिवार्य हो गया है। आज औद्योगीकरण और तकनीकी हस्तक्षेप के साथ व्यवस्थाओं में तेज़ी से बदलाव आने लगा है। ऐसे माहौल में लोगों की महत्वाकांक्षाओं को पर लगने लगे और उन्होंने नया आकार लेना शुरू किया। आर्थिक समृद्धि के एकांगी आकर्षण ने सामाजिक-आर्थिक दुनिया में प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या और लोभ को ही जीवन में सफलता पाने के लिए अनिवार्य शर्त बना दिया। इसने शिक्षा के पवित्र परिसर में प्रतिस्पर्धा की मानसिकता के घातक दबाव को एक ज़रूरी चुनौती बना दिया । बच्चे के भविष्य को सुधारने के लिए माता-पिता प्राइमरी स्तर से ही सीखने-समझने की शक्ति की जगह परीक्षा के चमत्कार को समझ नम्बर लाने के लिए दबाव डालना शुरू करने लगे। परीक्षा बच्चे और परिवार दोनों के लिए जीवन-मरण का सवाल हो गया। इस युद्ध में जीत के लिए 'इग्जामिनेशन वैरियर' को प्रति वर्ष प्रधानमंत्री भी सीख देते हैं। यह एक चिंताजनक स्थिति है जिसे नज़रंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए।

# ग्रामीण भारत में सौर ऊर्जा की संभावनाएं और भारत सरकार की पहल



मनतार सिंह

भारत के ग्रामीण क्षेत्र बहुत विशाल और विविध हैं। यहाँ, परंपरागत ऊर्जा स्रोतों की सीमितता और उच्च खर्च के कारण ऊर्जा संकट की गंभीर समस्या है। ऐसे में सौर ऊर्जा एक महत्वपूर्ण उपाय बन रही है। सूर्य की रोशनी से उत्पन्न सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के लिए अच्छी है, बल्कि ग्रामीण विकास के लिए भी अच्छी हो सकती है। भारत सरकार ने ग्रामीण भारत में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर दिया है, और इसके तहत सौर ऊर्जा को एक महत्वपूर्ण साधन माना है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती रही है, जिसे सौर ऊर्जा की मदद से हल किया जा रहा है।

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना की शुरुआत की है , जिसका उद्देश्य किसानों को सौर पंप और सौर संयंत्रों के माध्यम से बिजली प्रदान करना है। इससे किसानों को न केवल सिंचाई में मदद मिलेगी , बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी की जा सकती है। सोलर रूफटॉप योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में घर-घर सौर पैनल लगाए जा रहे हैं, जिससे बिजली की निर्भरता कम हो रही है। इसके अलावा, कई सौर ऊर्जा पार्क भी स्थापित किए गए हैं जो बड़े पैमाने पर बिजली उत्पादन कर रहे हैं।

## सौर ऊर्जा के लाभ

**पर्यावरण संरक्षणः** सौर ऊर्जा उत्पादन प्रक्रिया पर्यावरण के लिए बहुत सुरक्षित है क्योंकि इसमें कोई प्रदूषण नहीं होता। यह ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाता है।

**स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरताः** ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा की आत्मनिर्भरता सौर ऊर्जा से बढ़ती है। स्थानीय समुदाय बिजली की निरंतर आपूर्ति न होने वाले क्षेत्रों में सौर ऊर्जा प्रणाली लगाकर अपनी ऊर्जा की जरूरत पूरी कर सकते हैं।

**लागत प्रभावीः** सौर ऊर्जा की परिचालन लागत प्रारंभिक निवेश के



बाद बहुत कम होती है। सौर पैनल और बैटरी सिस्टम को स्थापित करने के बाद बहुत कम मरम्मत की आवश्यकता होती है। यह भी स्थानीय स्तर पर नौकरी के नए अवसर पैदा करता है।

**स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधारः** सौर ऊर्जा परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में नौकरी मिलती है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और युवा लोगों के लिए नौकरी के नए अवसर खुलते हैं।

## चुनौतियां और समाधान :

**प्रारंभिक लागतः** ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना करने की प्रारंभिक लागत अधिक हो सकती है। इसके समाधान के लिए आसान वित्तीय योजनाओं और सरकारी सब्सिडी का उपयोग किया जा सकता है।

**तकनीकी जानकारी की कमीः** ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा प्रणालियों के संचालन और मरम्मत के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी की कमी एक और बड़ी चुनौती है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण और शिक्षा योजनाएं बनाई जा रहीं हैं।

**भंडारण और वितरणः** सौर ऊर्जा के भंडारण और वितरण में कठिनाई होती है, खासकर बैटरी तकनीक की महंगी लागत और सीमित क्षमता के कारण। उन्नत और किफायती बैटरी प्रौद्योगिकी का विकास और वितरण नेटवर्क का सुधार इन समस्याओं को हल कर सकता है।

## संभावनाएं:

**कृषि क्षेत्र में उपयोगः** कृषि यंत्रों, ड्राईंग सिस्टम और सिंचाई पंपों में सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता और आय में वृद्धि हो सकती है।

**घरेलू उपयोगः** सौर ऊर्जा से ग्रामीण घरों में बिजली की आपूर्ति की जा सकती है, जिससे रसोईघर, घरेलू उपकरणों और बच्चों की पढ़ाई में सुविधा होगी। ग्रामीण इलाकों में सौर ऊर्जा का उपयोग कर स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था की जा सकती है।

**सूचना और संचार प्रौद्योगिकीः** दूरसंचार टावरों, इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के माध्यम से सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विभाजन कम हो सकता है।

## निष्कर्षः

ग्रामीण भारत का विकास सौर ऊर्जा से संभव है। यह स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करता है, जो सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। सौर ऊर्जा को सरकारी नीतियों, सब्सिडी और जनजागरण अभियानों से प्रोत्साहित किया जा रहा है । सौर ऊर्जा की संभावनाओं को पहचानने और इसे ग्रामीण विकास की मुख्यधारा में शामिल करने का समय आ गया है। हालांकि , भारत सरकार ने सौर ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिली है, बल्कि ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हमें पूर्ण रूप से ग्रामीण भारत में सौर ऊर्जा का उचित व्यवहार और अधिक संभावनाएँ पर विचार करना चाहिए जिससे कि भारत सरकार की सौर ऊर्जा की नीतियों से ग्रामीण भारत में एक नई ऊर्जा क्रांति लाई जा सके।

## संक्षिप्त खबर

### विशाल हरि कीर्तन दंगल समारोह का सुनीपुर में हुआ मनोरम आयोजन




**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड कि गांव सुनीपुर में विशाल हर कीर्तन दंगल का आयोजन हुआ! इसका मूल उद्देश्य मृत्यु भोज, बाल विवाह, समाज में फैली हुई कुरीतियां पर रोकथाम, पर्यावरण को लेकर सर्व समाज के द्वारा यह आयोजन कराया गया! विशाल हरि कीर्तन दंगल का आयोजन! हरि कीर्तन मण्डल, सुनीपुर, मेड़िया रोशनलाल मीना! हरि कीर्तन मण्डल, उमरेह मेड़िया कमले, जीतू पटवारी, हरि कीर्तन मण्डल, चिलाचौंद (आँगई) मेड़िया रामदास मीना (ऐईएन ) भगवान प्रसाद! हरि कीर्तन मण्डल डोली का राजवास, दौसा मेड़िया सीताराम ( एडवोकेट) हरि कीर्तन मण्डल, हल्कारा की झोपड़ी वामनवास मेड़िया शिवलाल मीना श्री श्री 1008 श्री राधा कृष्ण दास जी महाराज, रामकेश मीणा सरपंच प्रतिनिधि, पातीराम, संजय सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, जोहरी लाल, मोतीलाल , मानिकचंद, दुल्लाराम, रामभजन, प्रेमसिंह अध्यापक, हलुका मीणा, रमेश चंद्र, बिजले राम, सुरेंद्र सिंह, मेघसिंह, मनीराम प्रजापत, बच्चन सिंह, निहाल सिंह, किशन सिंह मीणा, मीणा समाज अध्यक्ष, हजारीलाल, डॉ. लक्ष्मी नारायण गौड, अमर सिंह अध्यापक टहरी वाले, राजेंद्र डीलर, रामजीलाल सागौर, निर ?टी लाल भगत, रामवीर सिंह, प्रीतम सिंह, नरेश शर्मा चिलाचौंद आज के कार्यक्रम का संचालन बनवारी लाल अध्यापक द्वारा किया गया! हरि कीर्तन दंगल में हजारों संख्या में महिला /पुरुषों ने आकर हरि परमात्मा का गुणगान सुना कि संख्या में लोगौ ने मौजूद रहे!

### छात्रनेता देवेन्द्र सिंह हथैनी का बड़े धूम धाम से मनाया जन्मदिन

**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** गरीब पीड़ित ज़रूरतमंद लोगो को समय-समय पर रक्त उपलब्ध करा कर जान बचाने वाले आज़ाद समाज पार्टी ज़िला महासचिव छात्रनेता देवेन्द्र सिंह हथैनी ने अपने जन्मदिन पर दिगम्बर सिंह की बाल पाठशाला पढ़ रहे गरीब बच्चों को किताब, पेन, कॉपी, मिठाई वितरण कर शुरुआत की।एवं अंबेडकर पार्क ज़िला कलेक्टर कार्यालय के सामने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उदयवीर अवार, राजन रारह, पुष्कर सिंह, गौरव गौतम, रवि सागर, शाहरुख़ ख़ान, विक्रम सिंह, लीलाधर गुढ़ैनिया, सुंदर सिंह, कृष्णा मीडिया प्रभारी, विद्युत आज़ादपुरा, गोविंदा रावण पचौरा, नरेंद्र हरीनगर, रोहित हथैनी, मेघ सिंह, सुनील पहलवान, विशाल पहलवान आदि कार्यकर्ता मोजूद रहे।

### केशवपुरा में सद्बुद्धि यज्ञ का सफल आयोजन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की करी मांग



**चमकता राजस्थान, कोटा।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासी समाज के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयान के विरोध में केशवपुरा सर्कल पर शुक्रवार शाम 6:00 बजे सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रामगंजमंडी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र राजोरिया, चंदालाल चकवाला, गिर्राज मीना चेतन सोलंकी, चेतन यादव रामचरण, योगेश, केशव, जैन, राजकुमार भोला, पवन लुहावद रजनीश मीना और प्रमोद चतरपुरा सहित मीणा समाज, भील समाज और गरासिया समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।हवन सामग्री के साथ बीच चौराहे पर हवन किया गया और भगवान से प्रार्थना की गई कि मदन दिलावर को सद्बुद्धि प्रदान करें। आयोजन के दौरान,शिक्षा मंत्री के पद से मदन दिलावर के इस्तीफे की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि जब तक वह इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक विरोध प्रदर्शन विभिन्न रूपों में और विभिन्न स्थानों पर चलता रहेगा। वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि मदन दिलावर ने पहले भी किसान और गुर्जर समाज के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए हैं, जो उनकी विभाजनकारी राजनीति का उदाहरण हैं। इस यज्ञ के माध्यम से सभी ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि आदिवासी समाज अपने सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है और अन्याय के खिलाफ हमेशा संघर्ष करेगा।

# शिक्षकों की राष्ट्र निर्माण में होती हैं अहम भूमिका : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

➲ उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य बजट में शामिल किए जाएंगे शिक्षकों के सुझाव

**चमकता राजस्थान**







**धौलपुर (रामदास तरुण)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षित और सक्षम नागरिक ही राष्ट्र की प्रगति का आधार होते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना और संस्कारों का समावेश कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करते हैं! और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। शर्मा रविवार को धौलपुर जिले के बाड़ी स्थित ग्राम बिजोली में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश महासमिति अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने शिष्य का मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत होता है। विद्यार्थी स्कूल में जो कुछ सीखते हैं! वह उनके जीवन को दिशा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे समाज में शिक्षक का महत्व सर्वोपरि रहा है। हमारी संस्कृति में गुरु-शिष्य परम्परा का विषय स्थान हैं।

कबीर दासजी ने तो गुरु गोविन्द दोउ खड़े.दोहे के माध्यम से गुरु की महत्ता ईश्वर से भी अधिक बताई है। राज्य में आधुनिक तकनीक से उपलब्ध कराई जाएगी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में सरकारी स्कूलों के बनुयादी ढांचे को मजबूत करने, स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने तथा शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की मदद से उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी वंचित वर्गां को शिक्षा मुहैया करवाने के लिए अंतरिम बजट में अल्प आय वर्ग, लघु/ सीमांत/ बंटाईदार किसानों और खेतीहर श्रमिकों के बच्चों को के.जी. से पी.जी. तक की निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान किया है।शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए अपने आगामी बजट में शिक्षकों से उनके सुझाव आमंत्रित किए हैं। सर्वश्रेष्ठ सुझावों को सरकार बजट में शामिल करेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बड़े सुधार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार हो रहे हैं। विद्यार्थियों में रचनात्मकता और समस्या समाधान का कौशल विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लाई है। यह शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगी! और शिक्षा प्रणाली को रोजगारोन्मुखी बनाने तथा विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगी। इस नीति के सफल क्रियान्वयन से भारत एक ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। आज देश में 21 आईआईएम, 23 आईआईटी, 22 एम्स हैं। पिछले 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी लगभग दोगुनी हो गई है। हमारे प्रमुख संस्थानों के कैम्पस विदेशों में भी खुल रहे हैं। अबूधाबी में आईआईटी दिल्ली तथा तंजानिया में आईआईटी मद्रास का कैम्पस शुरू हो चुका है।

**शिक्षकों की समाज के प्रति दोहरी जिम्मेदारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक संघ का भी दायित्व है! कि वे शिक्षकों के हितों के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी विकास के साथ ही शिक्षण विधियों में बदलाव लाने की आवश्यकता है। शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की नागरिक होने के साथ ही शिक्षक के रूप में समाज के प्रति दोहरी जिम्मेदारी है। वे अपने आस-पास के प्रत्येक वंचित और जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र के लिए पूरी तरह समर्पित था। डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर मुद्दे पर राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखते हुए तत्कालीन कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाई।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र को मजबूत करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा किआधुनिक शिक्षा पद्धति में राष्ट्रीयता का समावेश आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित हो।

**ये रहे कार्यक्रम में उपस्थित**

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, रेंज आईजी भरतपुर राहुल प्रकाश, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शिक्षक तथा आमजन उपस्थित रहे।

## दहगांव के दलित बस्ती में आम रास्ते में कीचड़ व जल भराव से लोग परेशान

**चमकता राजस्थान**



**वैर (राजवीर सिंह)।** विधानसभा के गांव दहगांव में एक दलित बस्ती में नाला अवरुद्ध होने से आम रास्ते में जमा कीचड़ वा गंदे पानी से लोगों का रास्ते से निकलना मुश्किल हो रहा है लेकिन प्रसासन चुप्पी साधे हुए है कई बार शिकायत के बाबजूद समस्या जस की तस बनी हुई है ये हाल तो ज़ब है तब अभी बरसात का दौर शुरू नही हुआ है नहीं तो बरसात के मौसम में तो ग्रामीणों को कीचड़ युक्त रास्ते से निकलना तो दूर रहना मुश्किल हो जायेगा हालांकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में अलग से बजट देकर स्वछता पर काम करती है लेकिन प्रशासन के द्वारा इस ओर विशेष रूप से ध्यान नहीं नहीं दिया जाता है जिसका खामयाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि दहगांव में दलित बस्ती में आम रास्ते में करीब चार साल से कीचड़ व गंदा पानी जमा हुआ है जिससे आने जाने में राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है आए दिन कीचड़ में दो पहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों को इस गंदे पानी से निकलने को मजबूर हो रहे है। गंदे पानी से तमाम तरह के मच्छर एवं कीड़ों से मौसमी बीमारियां पनपने की संभावना रहती है बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है महिलाए एवं बृद्ध सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वँचित रह जाते है, लोग शादी विवाह एवं अन्य सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रम भी नहीं कर पाते है, जहाँ कीचड़ जमा हुआ है उसके पास ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन भी बना हुआ है जिसकी हालत दयनीय है उसी जगह रास्ते के दोनों तरफ बिजली विभाग के विद्युत पोल लगे हुए है दोनों पोलो पर ट्रांसफार्मर रखे हुए है जिनके अर्थिंग तार खुले में लगे हुए है जिनसे गंभीर हादसा होने की संभावना बनी रहती है ग्रामीणों ने कई बार सरपंच से लेकर ग्राम विकास अधिकारी, विकास अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी तक शिकायत की लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है समस्या जस की तस बनी हुई है ग्रामीणों ने बताया कि जल्द से जल्द हमारी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उपखण्ड कार्यालय पर जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

**इनका कहना है**

पंचायती राज में विकास के लिए अभी बजट नही है। मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है। यदि जल भराव की समस्या है तो मौके पर जांच कर समस्या का दो चार दिन में निस्तारण किया जाएगा।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित शिशु वाटिका परिसर में रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भारतीय जनता पार्टी के शिखर पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे तथा कस्बा उदयपुरवाटी की शिशु वाटिका स्कूल में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम भाजपा मण्डल अध्यक्ष मदन लाल सैनी के सानिध्य में शुरू हुआ और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद कुमावत ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन शैली पर प्रकाश डाला ' इस दौरान भाजपा नेता सुशील सैनी, एसटी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारी लाल मीणा, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष महावीर प्रसाद सैनी, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रभु लाल सैनी, गिरधारी लाल राठी पूर्व पार्षद हरीश शर्मा आदि मौजूद थे।

## *बिल में हेराफेरी या जीएसटी की चोरी*

## बिल में इन्द्राज ट्रक नम्बर मिला गलत

**6966 की जगह 6366 में भरा था माल**

**चमकता राजस्थान, वैर (राजवीर सिंह)।** जयपुर नेशनल हाइवे स्थित कस्वा हलैना के पास आयकर विभाग की टीम ने बिल में हेराफेरी या जीएसटी की चोरी की नीयत से एक ट्रक में भरा प्लाई बोर्ड माल पकडा। बिल में इन्द्राज ट्रक नम्बर यूपी 86 टी 6966 इन्द्राज था,जबकि पकडा गया माल यूपी 86 टी 6366 में भरा मिला। ये जयपुर से आगरा को जा रहा था। आयकर विभाग बयाना कार्यालय के सहायक आयकर अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कस्वा हलैना के पास मुखबीर की सूचना पर जयपुर से आगरा वाया भरतपुर होकर जा रहे लकडी की प्लाई बोर्ड से भरा एक ट्रक पकडा। जिसके चालक ने बताया कि ये माल आगरा जा रहा है और हमारे पास माल का बिल है। चालक द्वारा दिखाए माल के बिल में ट्रक का नम्बर यूपी 86 टी 6966 इन्द्राज था। जबकि जो ट्रक पकडा गया। उस ट्रक का नम्बर यूपी 86 टी 6366 लिखा हुआ मिला। ट्रक की आरसी व अन्य कागजात चेक किए गए,तो ट्रक का नम्बर यूपी 86 टी 6366 सही पाया गया। उन्होने बताया कि जांच के दौरान माल के बिल में हेराफेरी एवं जीएसटी की चोरी आदि का सक हो गया। माल से भरे पकडे गए ट्रक को हलैना थाना पर खडा करा पुलिस के सुपुर्द कर दिया और आयकर विभाग के आलाधिकारियों को अवगत करा कर माल के क्रय-विक्रय करने वाले फर्म सहित चालक को नोटिस थमा दिए गए। उन्होने बताया कि पकडा गए ट्रक में लाखों रूपए की प्लाई बोर्ड भरे हुए है। टीम जांच में जुटी हुई है।


-सरजी हम ठहरे अनपढ

आयकर टीम के द्वारा ट्रक का चालक हक्का-बक्का रह गया। जब माल का बिल मांगा तो पहले अकड में बात की। जबकि ट्रक के नम्बर बिल पर लिखे नही मिले,जो हाथ जोड बोला सरजी हम अनपढ ठहरे। ट्रक मालिक ने ये माल जयपुर से आगरा पहुंचाने की बोला था। बिल में क्या लिखा है। ये हम नही पढ सकते।

## अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध सांचोर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 2.50 करोड़ के मादक पदार्थ सहित पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**




➲ 510 ग्राम एमडी ड्रग, 383 ग्राम स्मैक, 2 किलो 250 ग्राम अफीम का दूध, 85 कार्टन अवैध शराब, एक स्विफ्ट कार व बोलेरो एवं 1.38 लाख रुपए नगद जब्त

**जयपुर/ सांचौर (खलील कुरैशी)।** सांचौर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिले की तीन थानों सांचौर, चितलवाना एवं सरवाना पुलिस की टीम एवं डीएसटी द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। करीब 2.50 करोड रुपए कीमत के मादक पदार्थ सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया एसपी हरिशंकर ने बताया कि इस कार्रवाई में पुलिस ने 510 ग्राम एमडी ड्रग, 383 ग्राम स्मैक, 2 किलो 250 ग्राम अफीम का दूध, 85 कार्टन अवैध शराब, एक स्विफ्ट कार व बोलेरो एवं 1.38 लाख रुपए नगद जब्त किये है।पहली कार्रवाई शनिवार को थाना प्रभारी सांचौर गंगा प्रसाद मय डीएसटी द्वारा की गई। कालूपुरा, पुर निवासी रमेश कुमार जाणी के घर दबिश दी गई। मौके से रमेश कुमार विश्नोई निवासी दाता एवं देवीलाल बिश्नोई निवासी रावली नाड़ी थाना आरजीटी जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी रमेश कुमार जाणी मौके से फरार हो गया। आरोपी रमेश कुमार के घर एवं बाहर खड़ी बिना नंबरी स्विफ्ट कार और पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 550 ग्राम एमडी ड्रग एवं 59 हजार 400 रुपए नगद बरामद किये है।दूसरी कार्रवाई सीओ जेठू सिंह करणोद के सुपरविजन एवं एसएचओ सरवाना सूरजभान सिंह के नेतृत्व में की गई। हैड कांस्टेबल भंवरलाल मय टीम द्वारा रविवार को बालेरा फांटा पर नाकाबंदी की गई थी। नाकाबन्दी तोड़ कर भाग रही महाराष्ट्र नंबर की एक बोलेरो गाड़ी का 5 किलोमीटर पीछा कर रुकवाया। गाड़ी से राजस्थान निर्मित 85 कार्टन अवैध शराब बरामद कर एक आरोपी वीरा राम को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया तीसरी कार्रवाई में थाना सांचौर एवं डीएसटी द्वारा रविवार को गांव लाछीवाद में दबिश देकर वांटेड अपराधी सुरेश कुमार बिश्नोई पुत्र किशना राम (24) को गिरफ्तार कर उसके घर के बाहर खड़ी गुजरात नंबर की स्कॉर्पियो कार एवं घर की तलाशी में कुल 383 ग्राम स्मैक, 550 ग्राम अफीम का दूध एवं विक्रय रकम 79030 रुपये जब्त किये इसी प्रकार चितलवाना पुलिस की टीम ने रविवार को एसएचओ गंगा प्रसाद के नेतृत्व में आरोपी नैनाराम बिश्नोई पुत्र ठाकराराम (42) निवासी रणोदर के घर के पीछे से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलो 700 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया है।

## अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# खड़े ट्रक से 3972 किलो से अधिक डोडा पोस्त बरामद

**जब्त मादक पदार्थ की करीब 6 करोड़ रुपए है कीमत**

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर/बाड़मेर (खलील कुरैशी)।** बाड़मेर जिले की डीएसटी व थाना सदर पुलिस की टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध इस साल की सबसे बड़ी कार्रवाई कर नेशनल हाईवे पर एक होटल के पास खड़े ट्रक से 39 क्विंटल 72 किलो 820 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6 करोड़ रुपए है एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि डीएसटी के हैड कांस्टेबल प्रेमाराम को सूचना मिली कि अवैध डोडा पोस्त से भरा गुजरात नंबर का ट्रक नेशनल हाईवे पर मनवार होटल के पास खड़ा है। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस के सुपरविजन एवं डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह एसआई व एसएचओ सदर सत्य प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम सूचना के अनुसार नेशनल हाईवे 68 पर कुर्जा फाटा से आगे मनवार होटल पर पहुंची। जहां लावारिस खड़े ट्रक की तलाशी ली तो उसमें रखें 184 कट्टों में 39 क्विंटल 72 किलो 820 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। ट्रक के केबिन की तलाशी में पुलिस को ड्राइवर सीट के पास ट्रक के रजिस्ट्रेशन नम्बर का 24 फरवरी 2022 का पावर ऑफ अटॉर्नी की छाया प्रति मिली। जिसमें भागीरथ राम बिश्नोई पुत्र धर्माराम निवासी पुनासा जिला जालौर द्वारा मोती सिंह राजपूत पुत्र चैन सिंह निवासी सोनड़ी थाना ग्रामीण बाड़मेर के नाम की गई। साथ ही कृष्ण पुत्र नेनाराम निवासी भांभूओ की बेरी आडेल थाना रागेश्वरी बाड़मेर के नाम के आधार कार्ड की कॉपी भी मिली पुलिस टीम द्वारा मौके के सीसीटीवी कैमरों को चैक किया तो उसमें चार लोग एक बिना नंबरी बोलोरो कैंपर से जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस की टीम गाड़ी में मिले कागजात और सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे व्यक्तियों के आधार पर अग्रिम अनुसंधान कर रही है। इस कार्रवाई में डीएसटी के हेड कांस्टेबल प्रेमाराम की विशेष भूमिका रही है।

# अलवर में थाना वैशाली नगर एवं एनईबी पुलिस की कार्रवाई

## वांछित आरोपी को पकड़ने गई एनईबी थाना पुलिस के कर्मियों पर जानलेवा हमले के 9 आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर/अलवर,!(खलील कुरैशी) 22 जून।** अलवर में प्रॉपर्टी कारोबारी को रंगदारी के लिए धमकाने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान को पकड़ने मन्नाका गांव पहुंची एनईबी थाना पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला व सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ करने के मामले में रविवार को थाना वैशाली नगर एवं एनईबी पुलिस की टीम द्वारा 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि शहर के एक प्रॉपर्टी कारोबारी को रंगदारी के लिए हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान द्वारा धमकी दी गई थी। शनिवार को आरोपी हिस्ट्रीशीटर के गांव मन्नाका में दबिश देकर एनईबी थाना पुलिस की टीम ने उसे घर से दबोच लिया था। इतनी देर में फिरोज के परिवार और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी इसी बीच आरोपी हिस्ट्रीशीटर वहां से फरार हो गया। हमले में कई पुलिस कर्मियों के चोटें आई और वर्दी भी फट गई। इसके बाद कई थानों से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और सर्च अभियान चलाया गया।रविवार को थाना वैशाली नगर एवं एनईबी पुलिस की टीम द्वारा घटना के 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चार गाड़ियां जब्त की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपी कमल खां का बास गांव मन्नाका थाना वैशाली नगर के रहने वाले हैं।

### इन्हें किया गिरफ्तार

» पुलिस ने आरोपी फाईजा मेव पुत्री खुर्शीद (22), सईयां उर्फ सहीमान पत्नी मुबीन मेव (45), खुर्शीद मेव पुत्र चाहत खान (45), मुबीन मेव पुत्र तेजल खान (46), साकिर मेव पुत्र जलालुद्दीन (28), समीर खान पुत्र मौसम मेव (20), आशिक खान पुत्र आशु खान मेव (21), अजरू उर्फ अजरुद्दीन खान पुत्र आशु खान मेव (22) एवं अजरू उर्फ अज्जू खान पुत्र चाहत खान मेव (25) को गिरफ्तार किया है।

### एक स्विफ्ट डिजायर, ब्रेजा, बोलेरो निओ व एक बाइक जप्त



## संक्षिप्त समाचार

### डॉ.मुखर्जी की पुण्यतिथि पर लिया पौधा लगाने का संकल्प



**चमकता राजस्थान। वैर(राजवीर सिंह)** भाजपा ग्रामीण मंडल वैर तथा भाजपा युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में धरसोनी गांव स्थित धर्मशाला पर भारतीय जनसंघ के सस्थापक व शिक्षाविद्ध डॉ.श्यामा प्रसादमुखर्जी की71वी पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें डॉ. मुखर्जी के विचारक ,भाजपा कार्यकर्ता आदि ने पौधारोपण करने व सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और स्वच्छता का संकल्प लिया । कार्यक्रम के किसान मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री शेरसिंह मुख्य अतिथि तथा भाजपा किसान मोर्चा वैर के नेता हरप्रसाद बबलू,लक्ष्मीकांत शर्मा, योगेंद्र सिंह डागुर, उदय सिंह कान्हा चौधरी, हरि ओम सिंह डागुर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल वैर अध्यक्ष शिवसिंह बेवर ने की। वक्ताओ ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के जीवन से शिक्षा प्राप्त करके सभी को देश व समाज की सेवा करनी चाहिए। मुखर्जी ने अपना जीवन देश और समाज की सेवा के लिए अर्पित कर दिया था। भाजपा ग्रा. मंडल अध्यक्ष शिव सिंह बेवर एव शेर सिंह ने बताया कि डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ता और उनके विचारों को 1जुलाई से पौधे लगाने का संकल्प लिया है। क्षेत्र में करीब 1000 से अधिक छायादार पौधे लगाए जाएंगे। उपस्थित हुए सभी अतिथि एव कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण रखा और उनके चित्र पर पुष्प माला पहनाई । इस अवसर पर राजवीर,लक्खो सिंह पहलवान,रघुवीर सिंह योगेंद्र कुमार,यादाराम रामपुरिया,अजीत आर्य,भज्जी जाट,भरत सिंह,शेर सिंह धरसोनी,बबलू नेता, राजेश देवी,प्रिमिला देवी,राजेश कुमारी, श्यामवती,सुखन कुमारी आदि ने मौजूद रहे।संचालन हरिओम जाट ने किया।

### पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा का दूसरा पोता अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

#### प्रज्वल रेवन्ना पहले से ही सेक्स वीडियो कांड में काट रहा जेल

बेंगलुरु।

कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोतों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। पहले पोते और सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना के सेक्स वीडियों कांड के बाद अब दूसरे पोते सूरज रेवन्ना का नया कांड सामने आया है। जेडीएस एमएलसी और चडी रेवन्ना के दूसरे बेटे सूरज रेवन्ना पर चेतन नाम के एक युवक ने 16 जून 2024 को अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। हासन पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए लंबी पूछताछ के बाद सूरज रेवन्ना को गिरफ्तार कर लिया है। होलेनरसिपुरा ग्रामीण थाने में आईपीसी की धारा 377, 342, 506 के तहत एफआईआर दर्ज की है। इस बात की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मोहम्मद सुजीता ने कर दी है। इसके साथ ही पीड़ित को चिकित्सा की कानूनी जांच के



लिए बेंगलुरु लाया गया है। हासन पुलिस ने बताया है कि सूरज रेवन्ना पर आरोप है कि पार्टी के कार्यकर्ता चेतन को राजनीति में आगे बढ़ाने के नाम पर अपने गन्निकाडा फार्म में बुलाया गया। इसके बाद सूरज रेवन्ना ने उसका अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न किया। इससे पहले सेक्स वीडियो कांड में पुलिस ने प्रज्वल रेवन्ना के उनके पिता एचडी रेवन्ना और उनकी पत्नी रेवती रेवन्ना को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

# आज से शुरू हो रहा 18वीं लोकसभा का पहला सत्र

## आज पीएम मोदी समेत 280 नव निर्वाचित सांसद लेंगे शपथ

नयी दिल्ली।

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। अप्रैल-जून में हुए आम चुनावों के बाद यह पहला लोकसभा सत्र होगा। 18वीं लोकसभा में एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है, जबकि भाजपा के पास 240 सीटें हैं, जो बहुमत के 272 के आंकड़े से कम है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के पास 234 सीटें हैं, जबकि कांग्रेस के पास 99 सीटें हैं।

### 11 बजे से शपथ लेंगे

प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य सुबह 11 बजे से शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसद वर्णमाला क्रम में शपथ लेंगे। इसका मतलब है कि असम के नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे और पश्चिम बंगाल के सांसद सबसे आखिर में शपथ लेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद सहित 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, जबकि अगले दिन (25 जून) 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे।
सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद पहुंचेंगे और सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। कार्यवाही की शुरुआत 18वीं लोक सभा की पहली बैठक के अवसर पर सदस्यों द्वारा एक क्षण का मौन रखने से होगी। इसके बाद लोक सभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह लोक सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे।

### महताब मोदी को शपथ के लिए करेंगे आमंत्रित

इसके बाद महताब लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए आमंत्रित करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों के पैनल को शपथ दिलाएंगे, जो 26 जून को अध्यक्ष के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में उनकी सहायता करेंगे। राष्ट्रपति ने लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (डीएमके), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (दोनों भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है





# नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर रूस के कजान शहर में कर रही है भारत का प्रतिनिधित्व

## महापौर डॉ सौम्या ब्रिक्स एसोसिएशन ऑफ सिटीज एण्ड मुंसीपलसिटीज, की बैठक में ले रही है भाग

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) 23 जून।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर 20 जून से 24 जून 2024 के चार दिवसीय सम्मेलन में रुस के कजान शहर में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। रूस के कजान शहर में आयोजित हो रही इस समिट में ब्रिक्स एसोसिएशन ऑफ सिटीज एण्ड मुंसीपलसिटीज की पहली बैठक में महापौर ने शिरकत की और अपने विचार साझा किये महापौर ने 10वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने दिन की शुरुआत सूर्य नमस्कार से की साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं भी दी इसके साथ ही उन्होंने योग के माध्यम से स्वस्थ रहने तथा अपने शहर को स्वच्छ रखने का भी संदेश दिया।डॉ सौम्या ने कजान शहर के महापौर और उपमहापौर से शिष्टाचार भेंट की तथा बैठक में शहर वासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अलग-अलग देशों के जन प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा भी की और अपने विचार भी रखें।



## एक नजर

### 25 को होगा जैव विविधता समिति का सम्मेलन




**पूर्वी चंपारण।** वन व जलवायु परिवर्त्तन विभाग जैव विविधता को संरक्षित व सहढ बनाने को लेकर कवायद शुरू कर दी है। विभाग ने इसको लेकर पंचायत स्तर पेड़ पौधों के साथ जलीय व प्राकृतिक वन क्षेत्रों का डाटा उपलब्ध कराने की तैयारी पूरी कर ली है। पंचायतो में ही पेड़ पौधों के संरक्षण और इससे होने वाली आमदनी का पूरा लेखा-जोखा रहेगा। वन विभाग ने इसको लेकर कई स्तरो पर रणनीति बनायी है। इसकी जानकारी देते वन विभाग के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक मुजफ्फरपुर अभय कुमार द्विवेदी ने बताया कि विभाग ने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर जैव विविधता कमेटी गठित कर दी है।जिनका संयुक्त सम्मेलन 25 जून को होगा। सम्मेलन को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। सम्मेलन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी भी शामिल होंगे।सम्मेलन में प्रबंध समिति को जैव विविधता संरक्षण के हितों को धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होने बताया कि विभाग पंचायत स्तर पर पेड़ पोधों के साथ अन्य प्राकृतिक संरचनाओ को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

### आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पर पहुंची महिला की पुलिस ने बचाई जान

**नवादा ।** नवादा में पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद पत्नी गुस्से में आत्महत्या करने के लिए रविवार को गांव से सटे शादी पूर हॉल्ट स्टेशन पहुंच गई. जिसकी सूचना मिलने पर कादिरगंज पुलिस ने पहुंचकर महिला को समझा-बुझाकर हिरासत में लेकर थाना लाया. जानकारी के अनुसार कादिरगंज थाना क्षेत्र के लोहरपूरा गांव की संगीता देवी अपने पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. जिसके बाद गुस्से में आकर संगीता आत्महत्या करने के लिए शादीपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंच गई. वहीं महिला को रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा देख किसी अनहोनी की आशंका के चलते आसपास के लोगों ने मामला की सूचना स्थानीय पुलिस को दी. पुलिस ने आनन-फानन में शादी पूर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी महिला को देखकर पुलिस ने आनन-फानन में हिरासत में ले लिया।

### पूर्वी चंपारण में बदल गये पांच थानाध्यक्ष व दो सर्किल इंस्पेक्टर

**पूर्वी चंपारण।** जिले के टेक्निकल सेल में तैनात इंस्पेक्टर निर्भय कुमार राय को हरसिद्धि का नया थानेदार बनाया गया है। वही हरसिद्धि के निवर्तमान एसएचओ नवीन कुमार को साइबर थाने में पदस्थापित किया गया है। सुगौली सर्किल इंस्पेक्टर अनिल सिन्हा को मधुबन एवं मधुबन सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार पांडेय को सुगौली का नया सर्किल इंस्पेक्टर बनाया गया है। इसके अलावे पचपकडी के थानाध्यक्ष एसआई अंजन कुमार को हरैया,अनुज कुमार सिंह को हरैया से राजेपुर एवं सन्दीप कुमार को राजेपुर से पचपकडी थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने उक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों को 24 घण्टे के अंदर नए पदस्थापना की जगह पर योगदान करने का निर्देश दिए हैं।

### शहीद सीआरपीएफ इंस्पेक्टर के परिजन को विधायक ने दी एक लाख रुपये

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल में गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान ने रविवार को अपने विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड पहुंचकर विभिन्न घटनाओं में मौत के शिकार हुए मृतक के स्वजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। सबसे पहले विधायक प्रखण्ड के मंझिला पंचायत अंतर्गत विशनपुर गांव पहुंचे,जहां अगवा कर हत्या कर दिए गए युवक मोहम्मद सरवर के स्वजनों से मिल उन्हें सांत्वना दिया एवं आर्थिक सहायता प्रदान किये। इसके बाद वे बन्दैली कला में सहदेव यादव की पुत्रवधू की आकस्मिक मौत पर शोक जताते हुए उनके स्वजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। विधायक मोहम्मद कामरान इसके बाद प्रखण्ड के कटनी गांव पहुंचे,जहां वे सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर शहीद नीलेश कुमार के स्वजनों से मिलकर उन्हें अपना एक माह का वेतन एक लाख रुपये सहायता राशि के रूप में प्रदान किया। विधायक भलुआही गांव भी पहुँचकर ट्रिपल मौत की घटना पर दुःख जताया एवं पुलिस से घटना की तह तक जाकर बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की।

### पूर्वी रेलवे ने 10 दिनों में 10,000 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा

**कोलकाता।** रेलवे यात्रियों को उचित मूल्य का टिकट खरीदकर गंतव्य तक पहुंचाता है। हालांकि, कई लोग इस पर ध्यान नहीं देते हैं। बिना टिकट यात्रियों को रोकने के लिए त्वरित तेल। बिना टिकट यात्रा करने वालों की पहचान के लिए स्टेशन-दर-स्टेशन चेकिंग चल रही है। इसी तरह सियालदा मंडल में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । यह अभियान 13 जून से 22 जून तक दमदम, राणाघाट, सियालदा, बालीगंज, बैरकपुर, बारासात समेत कई स्टेशनों पर चलाया गया` सर्वे के आंकड़े बता रहे हैं` अधिकारियों ने पूर्वी रेलवे के सियालदा डिवीजन में 10 दिनों की छापेमारी में लगभग 10 हजार बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा। इस टिकट चेकिंग अभियान में कुल 10 हजार 941 मामले पकड़े गए।

### कोलकाता से चटगांव के बीच चलेगी नई बस

# भारत और बांग्लादेश ने इन 10 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

संवाददाता

**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को कोलकाता और राजशाही के बीच नई ट्रेन सेवा तथा कोलकाता एवं चटगांव के बीच नयी बस सेवा की घोषणा की । यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच यहां द्विपक्षीय बैठक के बाद की गई। हसीना शुक्रवार को यहां पहुंचीं और वह मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की राजकीय यात्रा करने वाली पहली विदेशी नेता बन गईं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने संपर्क और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई



नये उपायों की भी घोषणा की। यह घोषणा की गई कि कोलकाता और राजशाही के बीच एक यात्री ट्रेन सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी। इसमें कोलकाता और चटगांव के बीच एक नयी बस सेवा भी शुरू की जाएगी और बांग्लादेश के सिराजगंज में अंतदेर्शीय कंटेनर डिपो बनाने के लिए भारत अनुदान देगा । अपने संबोधन में मोदी ने दोनों देशों लोगों के बीच आपसी संपर्क को द्विपक्षीय संबंधों की नींव बताते हुए कहा कि बांग्लादेश से इलाज के लिए भारत आने वाले लोगों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू की जाएगी। भारत ने रंगपुर में एक नया सहायक उच्चायोग खोलने का भी फैसला किया है। दोनों पक्षों ने डिजिटल, समुद्री अर्थव्यवस्था, रेलवे, अंतरिक्ष, हरित प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ संबंध और भी ज्यादा मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ रहा है` वह पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए दिल्ली पहुंची थीं । पीएम मोदी और शेख हसीना ने कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें कई अहम मुद्दे थे, जैसे- रक्षा, कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर, पावर और एनर्जी और जल बटवारा ।

## विशेष समकालीन अभियान में लूटकांड के दो आरोपी सहित छह गिरफ्तार




एजेंसी

**अररिया ।** अररिया एसपी अमित रंजन के आदेश और फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में गंभीर मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस की ओर से विशेष समकालीन अभियान चलाया गया,जिसमे फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में थाना पुलिस ने छापेमारी कर लूटकांड मामलों के दो वांछित आरोपितों सहित कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए थाना में दर्ज व्यावसायी लूटकांड के अभियुक्त हरिपुर वार्ड संख्या चार निवासी मो. सुख्तार उर्फ पप्पू, मोटरसाइकिल मोबाइल और पैसा लूट मामले के अभियुक्त मथुरा वार्ड संख्या 12 निवासी मो. मिकाइल ,थाना में बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक ऋषिदेव को हरिपुर गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। प्राथमिकी अभियुक्त हरिपुर वार्ड संख्या 10 निवासी चुनचुन पासवान एवं थाना में दर्ज ममाले के प्राथमिकी अभियुक्त मो. जग्गू और मो. निकाईल को मधूरा वार्ड नंबर 12 में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया।

## टीएमबीयू के प्रोफेसर से 50 लाख रुपये की ठगी

एजेंसी

**भागलपुर।** 50 लाख रुपये की ठगी के शिकार तिलकामांझी भागलपुर यूनिवर्सिटी के अध्यापिका( प्रोफेसर) निर्मला कुमारी ने रविवार को बताया कि 10 जून को एक कोरियर कंपनी का फोन आता है। फोन करने वाले ने अपना नाम अमित कुमार बताया। उसने कोरियर कंपनी का एक कर्मचारी होने की बात कही। इसके बाद अमित ने उसे कथित रूप से मुंबई क्राइम ब्रांच के एक व्यक्ति से संपर्क करवाया। उस व्यक्ति डॉक्टर निर्मला को यह का कहकर भयभीत करने में सफल रहा कि आपका आधार कार्ड मनी लांड्रिंग केस से जुड़ा हुआ है। इसके बाद उसने बताया कि आपका आधार कार्ड अनाधिकृत रूप से किस-किस जगह पर प्रयोग हुआ है और उसे ट्रेस किया जा रहा है। फिर उस व्यक्ति ने परिवार, बैंक अकाउंट रकम निवेश की जानकारी ली। उस व्यक्ति ने मोबाइल को बंद न करने की शख्त हिदायत दी थी। वह बोलता रहा कि आपके ऊपर बहुत खतरा है। डॉक्टर निर्मल



का कहना है कि उस व्यक्ति ने मोबाइल भी हैक कर लिया था। इसके बाद डॉक्टर निर्मला से दो आरटीजीएस फॉर्म भरवा कर एफडी किए गए धनराशि तीन लाख 5000 और 2 लाख 5000 रुपए का स्थानांतरण दो अलग-अलग खातों में करवा लिया। 11 जून तक अपराधियों ने दो किस्तों में रकम की उगाही कर ली थी। इसके बाद भी अपराधियों ने डॉक्टर निर्मला से बातचीत जारी रखा और उनके द्वारा किए गए निवेश की पूरी जानकारी लेकर एसआईपी भुनाने को कहा। डॉक्टर निर्मला ने बताया कि बीच में बैंक में छुट्टी हो गई। अपराधी इस बीच भी संपर्क में रहा। फिर 20 जून को पूरी प्रक्रिया के बाद उन्होंने अपना एसआईपी भुना कर 42 लाख 50000 का स्थानांतरण करवाया। उस वक्त कहा गया कि पूरी रकम आरबीआई से सत्यापन के बाद आपको भुगतान कर दिया जाएगा। इसके बाद अपराधियों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। जब उन्हें शक हुआ तो उन्होंने मामले की शिकायत अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर किया और शुक्रवार को उन्होंने साइबर थाने में आवेदन देकर प्राथमिक की दर्ज करवाई। मामले को लेकर सिटी एसपी राज ने बताया कि पूरी मामले की छानबीन की जा रही है।

## एनएफ रेलवे एम्पोलाइज यूनियन के जेनरल मीटिंग का आयोजन

एजेंसी

**किशनगंज।** एनएफ रेलवे एम्पोलाइज यूनियन का बीआई जेनरल मीटिंग का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें किशनगंज, ठाकुरगंज व अलुआबारी के यूनियन के विभिन्न पदों का चुनाव किया गया। एनएफ रेलवे एम्पोलाइज एसोसिएशन के सचिव सह एनएफआईआर के संयुक्त सचिव मुनीनन्द्र सेकिया की मौजूदगी में यूनियन का चुनाव करवाया गया,जिसमें किशनगंज शाखा के कुल 21 पदों सहित ठाकुरगंज व अलुआबारी शाखा के लिए चुनाव करवाया गया, जिसमें जेपी सिंह को अध्यक्ष, राहुल सिंह को सचिव, गोपाल जी झा, दिलीप कुमार ठाकुर, अजय कुमार सिंह को संयुक्त सचिव, एसएस दीपक कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, लोकेश कुमार सिंह सन्नी कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में एनएफ रेलवे एम्पोलाइज एसोसिएशन के जेनरल सचिव सह एनएफआईआर के



संयुक्त जेनरल सचिव मुनीनन्द्र सेकिया ने कहा कि वे यूनियन के सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहते हैं। जेनरल सेकेट्री ने कहा कि हम रेलवे में एनपीएस हटाने का विरोध करते हैं साथ ही ओपीएस लाने का समर्थन करते हैं। तीनों शाखाओं में जो भी समस्याएं है उनके समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा।डिवीजन सचिव रूपेश कुमार ने भी अपने विचार प्रकट कियें। यूनियन के किशनगंज शाखा के अध्यक्ष जेपी सिंह व सचिव राहुल सिंह ने कहा कि यूनियन के सदस्यों की समस्याओं के हर सम्भव निपटारे के लिए प्रयासरत रहूंगा। सचिव राहुल सिंह ने कहा कि 8वां पे कमीशन लागू करने, रेलवे में रिक्त पदों की अविलंब बहाली, कैरियर स्टेंटिंग कमिटी का गठन, सभी सेफ्टी केटेगरी के स्टाफ को रिक्स एलाउंस मिले, ट्रैकमैन का 4200 गग्रेड पे हो आदि मुद्दे जेनरल मीटिंग में उठाये गए। वही ठाकुरगंज में जर्जर रेलवे क्वाटर की मरम्मती आदि का मुद्दा भी उठाया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में रंगापानी के पास ट्रेन दुर्घटना में मारे गए रेलवे कर्मी अनिल कुमार व आशीष डे को श्रद्धांजलि दी गई। वही मृतक रेल कर्मी बबलू रविदास को भी श्रद्धांजलि दी गई।

## श्रीरामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत ने अधिकांश मामलों का निपटारा किया



संवाददाता

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार मुकदमों के अंबार को कम करने के लिए देशभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकांश मुकदमों का निपटारा किया गया` हुगली के श्रीरामपुर कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत बैठी` हुगली जिला एवं सत्र न्यायाधीश (जिला राष्ट्रीय लोक अदालत के अध्यक्ष)शांतनु झा और जिला राष्ट्रीय लोक अदालत सचित्र ार्मिष्ठा घोष की अध्यक्षता में 8 पीठें, श्रीरामपुर में 9, आरामबाग में 6 और 3 पीठें बैठती हैं हुगली जिले में कुल 26 बेंच चंदननगर, हुगली जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के कार्यालय मास्टर सहाना खातून ने कहा कि यह बैठे थे। इस दिन श्रीरामपुर कोर्ट की बेंच संख्या 5 में न्यायिक अधिकारी शिउली रॉय के साथ 'मानद' बेंच जज के रूप में वकील श्रीमती सुभ्रा लाहिड़ी और कानूनी संवाददाता मोल्ला जसीमुद्दीन थे। संबंधित पीठ ने आरोहण फाइनेंस लिमिटेड और यूको बैंक के बकाया कर्ज से जुड़े मामलों की सुनवाई की। बताया जाता है कि ज्यादातर मामले दोनों पक्षों की सहमति से निपटाये गये।

## 'दूरे कहीं पत्रिका' की ओर से 68 लोगों को सम्मानित किया गया



संवाददाता

**कोलकाता।** 'दूरे कहीं पत्रिका' की ओर से 68 लोगों को सम्मानित किया गया। अनुपम हलदर को मैगजीन ने इस साल के 'फोटोग्राफर ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया और मृत्युंजय रॉय को 'जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर' के खिताब से नवाजा गया। समाचार पत्र के संपादक अरिंदम भट्टाचार्य ने रविवार दोपहर पुरस्कार प्राप्तकताओं को उत्तरी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के वित्त विभाग के संयुक्त आयुक्तों में से एक पांचाली मुंशी और कई अन्य लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पत्रिका की एसोसिएट एडिटर संदीपा नंदी ने मीडिया को बताया, पत्रिका में नियमित रूप से लिखने वालों को भी आज सम्मानित किया गया है।

## दहेज के लिए गृहिणी की हत्या का आरोप, पति गिरफ्तार

एजेंसी

**बैरकपुर।** दहेज के लिए गृहिणी की हत्या का आरोप पति और ससुराल वालों पर लगा है। मृत दुल्हन का नाम रीमा बीबी (20) है। घटना रविवार सुबह खड़दह के रहरा थाना क्षेत्र के डांगादिघी इलाके की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रविवार सुबह परिजनों को खबर मिली कि रीमा ने गले में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसे फंदे से उतारकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दामाद दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को बेवजह प्रताड़ित करता था। ससुराल के अन्य सदस्य भी उसके साथ ज्यादती करते थे। इस मामले को लेकर पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। हालांकि बाद में दोनों पक्षों में सुलह हो गई थी। आरोप है कि कुछ समय तक स्थिति ठीक थी, लेकिन यातना का स्तर फिर से बढ़ गया। दावा है कि पैसे की मांग को लेकर फिर से झगड़ा और अशांति शुरू हो गयी। रविवार सुबह रीमा के एक पड़ोसी ने उसके पिता के घर फोन कर बताया कि रीमा ने आत्महत्या कर ली है। मृतक के पिता ने कहा कि शादी के बाद से ही वे पैसे की मांग को लेकर लड़की को प्रताड़ित करते थे। मैंने अपनी पूरी क्षमता से उनकी मांगों का निपटान किया लेकिन कुछ दिन पहले अत्याचार बढ़ने पर हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और बाद में इसे वापस ले लिया। आज सुना कि लड़की ने आत्महत्या कर ली। हम इसे नहीं मानते। उन्होंने लड़की की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया। मैं दोषियों के लिए कड़ी सजा चाहता हूं। घटना के बाद से मृतका के ससुराल वाले फरार हैं। पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है जबकि सास ससुर की तलाश की जा रही है।

**बैठक** | **चुनाव के बाद राज्य कैबिनेट की पहली बैठक**

# नवान्न ने तारीख बताते हुए एक अधिसूचना जारी की

संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव खत्म हुए तीन हफ्ते हो गए हैं । आचार संहिता लागू होने के कारण अभी तक कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिया गया है और न ही क्रियान्वयन किया गया है। हालांकि, उसका कार्यकाल खत्म होते ही राज्य कैबिनेट राज्य के विभिन्न मुद्दों पर बैठक करने जा रही है ` बैठक अगले हफ्ते नबान्न में होगी । मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी हे। बताया गया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 26 जून को दोपहर तीन बजे सभी विभागों के मंत्रियों और राज्य के मंत्रियों के साथ बैठक करेंगी । इसमें सभी विभागों के सचिव और अधिकारी भी रहेंगे। बैठक में शामिल होने



के लिए सभी को नोटिस भेज दिया गया है। मुख्य सचिव बीपी गोपालिका की अधिसूचना के मुताबिक, अगले बुधवार यानी 26 जून को दोपहर तीन बजे नवान्न के 14वें तल पर मंत्रिपरिषद कक्ष में बैठक होगी । उस बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में सभी विभागों के मंत्री, राज्य के मंत्री, सचिव, अधिकारी, इंजीनियर, पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहेंगे । 20 जून को नोटिफिकेशन के जरिए इसकी जानकारी दी गई । यह राज्य कैबिनेट की 56वीं बैठक होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राज्य के विभिन्न अधूरे कार्यक्रमों पर चर्चा हो सकती है` इसके अलावा कैबिनेट बैठक में कोई नया प्रोजेक्ट या फैसला लिया जा सकता है । हालांकि, राज्य कैबिनेट की इस बैठक से पहले मुख्यमंत्री सोमवार को नबान्न में एक और आपात बैठक कर रहे हैं` राज्य की विभिन्न नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे । मुख्यमंत्री नगर पालिकाओं के विकास कार्यों की कमान संभालेंगे` बैठक में कोलकाता नगर पालिका के मेयर और राज्य नगर मंत्री के रूप में फिरहाद हकीम भी मौजूद रहेंग। किसी नगर पालिका में क्या काम की कमी है, क्या जरूरत है- इन पर चर्चा हो सकती है । हालाँकि, इस बैठक में केवल तृणमूल संचालित नगर निगम अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था।

## बंगाल में बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ अलकायदा से है संबंध, मुखिया भी गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। पश्चिम बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स ने शनिवार को शहादत नाम के एक नए सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मॉड्यूल के मुखिया को भी गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह आतंकी मॉड्यूल अलकायदा से संबद्ध बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन अंसार अल इस्लाम के कार्यकताओं से जुड़ा हुआ पाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि टास्क फोर्स ने मॉड्यूल के मुखिया (अमीर) मुहम्मद हबीबुल्लाह को पश्चिम बर्धमान स्थित उसके



आवास से गिरफ्तार किया है। जांच में पाया गया है कि समूह के सदस्य ज्यादातर गुप्त संदेश प्लेटफॉर्म बीआईपी के जरिए संवाद करते हैं। एसआईटी अधिकारियों ने बताया कि वे भारत और बांग्लादेश की संप्रभुता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों को अंजाम देने के उद्देश्य से गुप्त रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पेपर लीक, रद्द या स्थगित होना बन गई है भाजपा सरकार की कार्यशैली: कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि बड़ी परीक्षाओं को पेपर लीक के कारण रद्द करना मोदी सरकार की कार्यशाली बन गई है लेकिन पेपर रद्द करना और अधिकारियों को बदलना इस समस्या का समाधान नहीं है इसलिए इस दिशा में भेदभाव रहित तरीके से काम करने और सबके हित कदम उठाने की जरूरत है।



श्री खड़गे ने कहा, 'नीट घोटाले में ज़िम्मेदारी सरकार के शीर्ष अधिकारियों के इर्दगिर्द आकर रुकती है। नौकरशाहों में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। एनटीए को एक स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया गया था लेकिन वास्तव में इसे भाजपा तथा आरएसएस के कुटिल हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया था। छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। पिछले 10 दिनों में चार परीक्षाएं या तो रद्द या स्थगित की गई हैं। पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया ने हमारी शिक्षा प्रणाली में घुसपैठ कर ली है। देर से की गई लीपापोती की कवायद का अब कोई फायदा नहीं है क्योंकि अनगिनत युवा इससे पीड़ित हैं।'

श्रीमती वाड्रा ने कहा, 'नीट-पीजी पेपर लीक, नीट-पीजी रद्द, यूजीसी-नेट रद्द, सीएसआईआर-नेट रद्द। आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढाँचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा- व्यवस्था की पहचान बना दिया है। हालत ये हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती।' उन्होंने कहा, 'आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो चुकी है। देश के काबिल युवा अपना सबसे कीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गवां रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।'

### मोदी राज में बर्बाद शिक्षा व्यवस्था का नमूना है नीट परीक्षा स्थगित होना : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को स्थगित करने पर मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए आज कहा कि मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है इसलिए इस तरह के दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिये जा रहे हैं। श्री गांधी ने कहा 'अब नीट पीजी भी स्थगित। यह नरेन्द्र मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र अपना करियर बनाने के लिए 'पढ़ाई' नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से 'लड़ाई' लड़ने को मजबूर है।' उन्होंने कहा 'अब यह स्पष्ट है-हर बार चुप- चाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं। नरेन्द्र मोदी की अक्षम सरकार स्टूडेंट्स के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है- हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा।' कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक ट्वीट हैंडल पर कहा 'अब नीट-पीजी की परीक्षा भी रद्द हो गई। इससे पहले पेपर लीक की वजह से यूजीसी-नेट की परीक्षा भी रद्द हुई थी। नीट को लेकर देश के युवा सड़कों पर प्रदर्शन कर ही रहे हैं। मोदी सरकार-पेपर लीक सरकार बन चुकी है।'

## एक नजर

### विदेश मंत्री यूएई की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज 23 जून को यूएई की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अपने यूएई समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर बैठक करेंगे। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी और क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी।

### नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है। रेवेन्यू स्टीकर छापने को लेकर हुए आर्थिक अनियमितता पर जांच पूरी करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से चार्जशीट दाखिल की गई थी। ब्यूरो के आयुक्त जयबहादुर चन्द ने कहा कि मुख्य सचिव बैकुंठ अर्याल पर उनके संचार सचिव रहते हुए सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस खरीद मामले और रेवेन्यू स्टीकर की छपाई के मामले में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में मुख्य सचिव के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की है। यह पहला मौका है जब ब्यूरोक्रेसी के सबसे बड़े अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। नेपाल की संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक किसी भी अदालत में चार्जशीट दायर होते ही पद स्वतः निलम्बित हो जाता है।

### नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में लगाया पौधा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया। पार्टी एवं केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने इस अवसर पर पौधे वितरित कर सभी से इस अभियान में शामिल होने और स्वजनों को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। आइए, हम सभी मिलकर अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाएं, अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं।

### जल्द शुरू हो सकती है शिवखौड़ी दाम के लिए हैलीकाप्टर सेवा

**जम्मू।** कुछ दिन पूर्व रियासी जिले के शिव खोड़ी से दर्शन कर वापिस लौट रही श्रद्धालुओं की बस पर आतंकियों ने हमला किया था जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई उसके बाद श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं देने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड कार्य करने में जुट गया। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड और शिवखोड़ी श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं को एक बड़ी सौगात दे सकते हैं। बोर्ड कटरा से शिवखौड़ी के लिए हैलीकाप्टर सेवा की शुरूआत करने की योजना पर काम कर रहा है क्योंकि आगामी 25 जून को जम्मू एयरपोर्ट से सीधे मां वैष्णो देवी भवन तक हेलीकॉप्टर सेवा की शुरूआत होने जा रही है और इसी सेवा का विस्तार करने पर दोनों बोर्ड काम कर रहे है। क्योंकि बोर्ड जम्मू से चापर में मां के भवन आने वाले श्रद्धालुओं को शिवखौड़ी दाम की पवित्र गुफा में विराजमान भोलेनाथ के दर्शन करने का भी लाभ देने की दिषा में काम कर रहा है और सूत्रों की माने तो जल्द ही एलजी प्रशासन इस सेवा का ऐलान कर सकता है।

### अनियंत्रित कार पुलिया से नीचे गिरी, 5 घायल



**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत दुगुकोंदल जाने वाले मार्ग पर आज दोपहर 1 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना पर तत्काल भानुप्रतापपुर पुलिस मौके पर पंहुचकर घायलों को भानुप्रतापपुर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थित को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया है। मिली जनकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग माना के बताए जा रहे हैं। घायलों के संबध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

### मायावती ने लोस चुनाव में हार की समीक्षा के लिए की बड़ी बैठक

# पार्टी में बड़े फेरबदल कर सकती है मायावती

एजेंसी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर मैदान में उतरी बहुजन समाज पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। इसकी समीक्षा के लिए पार्टी की मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को बैठक बुलाई। इसमें उनके भतीजे आकाश आनंद भी शामिल हुए। आकाश ने अपनी बुआ मायावती के पैर छुए तो उन्होंने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि मायावती की भतीजे आकाश से नाराजगी दूर हो गई है।

● भतीजे आकाश से नाराजगी हुई दूर, बैठक रहे मौजूद



मायावती ने पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव की समीक्षा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर एक बैठक बुलाई। इसमें सभी जिलों के पदाधिकारी, नेशनल कोआर्डिनेटर और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। भतीजे आकाश भी मौजूद रहे। झारखंड, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र व हरियाणा में निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए मायावती पार्टी में बड़े फेरबदल कर सकती हैं। इसी को देखते हुए शनिवार को ही पार्टी ने आकाश को स्टार प्रचारक बनाया था। इससे यह उम्मीद जगी है कि मायावती ने भतीजे को माफ कर दिया है। आकाश ने लोकसभा चुनाव में कई रैलियां करके सरकार विरोधी भाषण दिए थे। सीतापुर की रैली में दिए गये बयान पर उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसके बाद मायावती ने उन्हें सभी पदों से कार्य मुक्त कर दिया था। रविवार को जिस तरह से मायावती ने भतीजे के सिर पर हाथ रखा है, उससे यह चर्चा है कि आकाश ही मायावती के उत्ताराधिकारी रहेंगे। उन्हें सभी पदों की जिम्मेदारी वापस की गयी है।

दूसरी तरफ पार्टी को विस्तार देने के लिए मायावती ने कई निर्णय लिए हैं। इसमें अहम निर्णय है बसपा की सदस्यता शुल्क घटाना। बसपा ने सदस्यता शुल्क एक चौथाई कर दी है। अब सिर्फ. 50 रुपये में नये सदस्य बनेंगे, अभी तक 200 रुपये शुल्क था। माना जा रहा है कि पार्टी सदस्यों की संख्या बढ़ाकर संगठन को मजबूत करेगी।


# जोधपुर में होगा भारतीय वायु सेना का युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति'

एजेंसी

**जोधपुर।** भारतीय वायु सेना पहली बार बहुपक्षीय हवाई अभ्यास अगस्त के पहले हफ्ते में जोधपुर आयोजित करने जा रही है। 'तरंग शक्ति' के नाम से होने वाले इस युद्धाभ्यास में दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर बॉम्बर और स्ट्रैटेजिक लिफ्ट विमान शामिल होंगे।

वायु सेवा सूत्रों के अनुसार दो चरणों के इस अभ्यास की शुरूआत दक्षिण भारत के एयरबेस से होगी। इसके बाद अगस्त के मध्य से सितंबर के मध्य तक यह अभ्यास जोधपुर में होगा। युद्धाभ्यास में स्पेन और यूएई समेत 12 देशों को बुलाया गया है। क्वाड देश अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा यूरोप की तीन बड़ी वायु सेनाओं ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के फाइटर जेट भी अभ्यास में हिस्सेदारी करेंगे।

● दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर करेंगे शिरकत



यह अभ्यास अमेरिका के 'रेड फ्लैग वॉर गेम' के स्तर का होगा, जिसमें नाटो देश हिस्सा लेते हैं। रेड फ्लैग वॉर गेम जून, 2023 में हुआ था। इसमें भारत में भी हिस्सेदारी की थी और अपने राफेल लड़ाकू विमान लेकर गया था। इस बहुपक्षीय युद्ध अभ्यास में रूस शामिल नहीं होगा।

# दरबार साहिब में योग करने वाली लड़की के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दरबार साहिब परिसर में योगा करके वीडियो वायरल करने वाली गुजराती लड़की अर्चना मकवाना के खिलाफ अमृतसर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पहले ही तीन कर्मचारियों को निलंबित किया है।

अमृतसर पुलिस ने दरबार साहिब के प्रबंधक भगवंत सिंह की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। पुलिस को दी शिकायत में भगवंत सिंह ने कहा है कि 22 जून को यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें अर्चना मकवाना दरबार साहिब की परिक्रमा में शहीद बाबा दीप सिंह के स्थान के पास जगह पर योगा करते हुए फोटो खींची और जानबूझ कर वायरल किया, जिससे सिख भावनाओं को ठेस पहुंची है। अर्चना मकवाना ने सोशल मीडिया पर 2 तस्वीरें पोस्ट कीं। इनमें वह ध्यान और शीर्षासन करते नजर आ रही हैं। यह योगासन उन्होंने गोल्डन टेंपल की परिक्रमा में किए। उन्होंने खुद ही यह फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं वाहे गुरु जी का शुक्रिया करती हूं कि मुझे उनके स्थान से योग की शक्ति फैलाने में मदद मिली।

● एसजीपीसी ने ड्यूटी पर मौजूद तीन कर्मचारियों को निलंबित किया

पुलिस ने मामला दर्ज करने की कार्रवाई उस समय की है, जब अर्चना इस बारे में माफी भी मांग चुकी है। इस बीच एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि गोल्डन टेंपल में इस तरह के काम करना सिख मर्यादा के खिलाफ है। फिर भी कुछ लोग जानबूझ कर इस पावन स्थान की पवित्रता और ऐतिहासिक महत्ता को नजरअंदाज कर ओछी हरकतें करते हैं।

### घुसपैठ के दौरान मारे गए आतंकवादी का शव बरामद, अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में गोहालन गांव में शनिवार को मारे गए दो आतंकवादियों में से सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी का शव रविवार को बरामद कर लिया है। जबकि मारे गए दूसरे आतंकी के शव की तलाश की जा रही है। इलाके में अभी भी अभियान जारी है। सेना को शनिवार को सुरक्षा एजेंसियों से इनपुट मिले कि आतंकियों का एक दस्ता उड़ी सेक्टर के रास्ते कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में है। इसके आधार पर सेना ने सभी अग्रिम चौकियों को अलर्ट जारी करते हुए अग्रिम इलाकों में विशेष नाके स्थापित किए थे। शनिवार को आतंकी जैसे ही नियंत्रण रेखा को पार करने लगे, जवानों ने उन्हें ललकारते हुए आत्मसमर्पण करने को कहा। घुसपैठियों की गोलीबारी पर जवानों ने जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान दो आतंकी मारे गए और दो अन्य वापस भागने में कामयाब रहे।

# नौकरों के शोषण का मामला : हिंदुजा परिवार बरी, शिकायतकर्ताओं ने वापस लिए आरोप

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय मूल के बिजनेसमैन ब्रिटेन के सबसे अमीर हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को नौकरों के शोषण मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। एक दिन पहले 21 जून को निचली अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जेल की सजा सुनाई थी। अब ऊपरी अदालत ने 22 जून को इस परिवार के सदस्यों को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

निचली अदालत के फैसले में प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल हिंदुजा को साढ़े चार साल की सजा मिली थी। उनके बेटे अजय और बहू नम्रता को चार साल की सजा सुनाई गई थी। उनके मैनेजर नजीब जियाजी को भी 18 महीने की सजा हुई थी। परिवार ने फैसले को उच्च अदालत में चुनौती दी थी।

हिंदुजा परिवार के प्रवक्ता के मुताबिक उच्च अदालत ने सभी गंभीर आरोप खारिज कर दिए हैं। प्रवक्ता के मुताबिक शिकायतकताओं ने आरोप वापस ले लिए हैं। अदालत को उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे बयानों पर साइन करने के लिए गुमराह किया गया था, जिन्हें वे नहीं समझते थे। उनका न तो ऐसा इरादा था और न उन्होंने ऐसी कार्यवाही शुरू की थी।



उल्लेखनीय है कि प्रकाश हिंदुजा, कमल, अजय और बहू नम्रता पर आरोप हैं कि उन्होंने स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित अपने बंगले में काम करने वाले कामगारों का शोषण और गैरकानूनी तरीके से कर्मचारियों को काम पर रखा। उन्हें कम वेतन पर 18 घंटे तक काम कराया गया। उन्हें बहुत कम या बिल्कुल भी छुट्टी नहीं दी जाती थी तथा स्विस कानून के तहत अपेक्षित वेतन के दसवें हिस्से से भी कम था।

**उपलब्धि** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दर्ज की एक और कामयाबी

# आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सुबह लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' का तीसरी बार पूरी तरह कामयाब परीक्षण किया। पुष्पक को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने खुद ही आधा घंटे बाद जमीन पर लैंड किया। आज के आखिरी परीक्षण में इसरो के 'पुष्पक' शटल ने साबित कर दिया कि यह बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर सुरक्षित लौट सकता है।

इसरो ने इससे पहले पिछले साल 02 अप्रैल को आरएलवी लेक्स-1 का सफलतापूर्वक संचालन किया था। इसके बाद इसी साल 22 मार्च को आरएलवी लेक्स-2 का सफल परीक्षण किया गया था। इसी श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में आज सुबह 07:10 बजे किया गया। आरएलवी लेक्स-01 और लेक्स-02 मिशनों की सफलता के बाद आरएलवी लेक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण रिलीज स्थितियों में और अधिक गंभीर हवा की स्थिति में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का फिर से प्रदर्शन किया।

● चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल

● व्हीकल ने धीमी गति से उड़ान भरने के बाद लैंडिंग गियर के साथ एटीआर में लैंड किया



इसरो के मुताबिक 'पुष्पक' नामक पंख वाले वाहन को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई पर छोड़ा गया। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल धीमी गति से उड़ान भरने के बाद रनवे से 4.5 किमी दूर स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार युद्धाभ्यास करने के बाद रनवे के पास पहुंचा और सेंटर लाइन पर लैंडिंग गियर के साथ खुद ही एटीआर में 7.40 बजे लैंड किया। लैंडिंग करते वक्त इसका वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि एक वाणिज्यिक विमान के लिए यह 260 किमी प्रति घंटे और एक सामान्य लड़ाकू विमान के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है। टचडाउन के बाद वाहन के वेग को उसके ब्रेक पैराशूट का उपयोग करके लगभग 100 किमी प्रति घंटे तक कम कर दिया गया था।

लगातार तीसरी बार यह परीक्षण सफल होने के बाद साबित हो गया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के सहारे रॉकेट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है। इस परीक्षण में इसरो के साथ भारतीय वायु सेना, वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), हवाई वितरण अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई), सैन्य उड़ान योग्यता और प्रमाणन केंद्र (सीईएमआईएलएसी) के तहत क्षेत्रीय सैन्य उड़ान योग्यता केंद्र (आरसीएमए), राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाएं (एनएएल), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर, भारतीय एयरोस्पेस औद्योगिक साझेदार, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से महत्वपूर्ण समर्थन के साथ कई इसरो केंद्र शामिल थे।

# सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल का भाई सूरज रेवन्ना गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल में कर्नाटक पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना को हासन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूरज पर जेडीएस कार्यकर्ता के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप है।

कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के 27 वर्षीय कार्यकर्ता के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था।

होलेनारसीपुरा ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के 27 वर्षीय कार्यकर्ता के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में सूरज रेवन्ना और शिवकुमार को आरोपित बनाया है। केस दर्ज कराने से पहले पीड़ित ने राज्य के गृहमंत्री और पुलिस महानिदेशक से लिखित शिकायत की थी।

एफआईआर के अनुसार, पीड़ित कथित तौर पर 16 जून को शाम करीब 6.15 बजे हासन जिले के होलेनारासीपुरा स्थित एक फार्महाउस पर सूरज रेवन्ना से मिलने गयी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एमएलसी ने उसका यौन उत्पीड़न किया और इस बारे में किसी के सामने मुंह खोलने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि सूरज रेवन्ना ने उसे नौकरी दिलाने और राजनीति में लाने का आश्वासन दिया था।

# डॉ मुखर्जी के "एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे" नारे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया साकारः सीपी जोशी

## डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर जयंती तक प्रत्येक शक्ति केंद्रों पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत भाजपा लगाएगी 370 पेड़ः सीपी जोशी

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ शयामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''स्मरण अभियान'' की शुरुआत की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान'' की भी शुरुआत की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने डॉ शयामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था। कश्मीर को लेकर डॉ मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस नारे को 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया। वहीं दूसरी ओर कुछ राष्ट्र विरोधी लोग और पार्टी कश्मीर के मामले को यूएन में ले जाने का काम कर रहे थे, धारा 370 के बिल को संसद में फाड़ने का काम कर रहे थे, ऐसी राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर डॉ मुखर्जी के पदचिन्हों पर कार्य करने की आवशयकता हैं।





भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद जब देश में संघ की तीन सीटें आई थी, उस दौर में 1 सीट राजस्थान से चित्तौडगढ़ की भी थी। ऐसे में राजस्थान ने भी उस दौर में जनसंघ का दीया जलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जनसंघ के संस्थापक डॉ मुखर्जी ने देश में पंडित नेहरू के परमिट व्यवस्था का भी विरोध किया था। इसी विरोध के स्वरूप उन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दे दिया, लेकिन उनके बलिदान को जनसंघ के बाद जनता पार्टी एवं फिर भारतीय जनता पार्टी ने समझा और आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भाजपा डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर उनकी जयंती तक प्रदेश के सभी शक्ति केंद्रों पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत 370 पेड़ लगाएगी। इस अभियान का आगाज भाजपा प्रदेश कार्यालय से किया गया। भाजपा इस अभियान में प्रदेश के सभी सामाजिक और गैर सामाजिक संगठनों से भी वृक्षारोपण करने की अपील करती है।

भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी नेता थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी और शिक्षाविद् डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ मुखर्जी का देश के लिए त्याग, बलिदान आज भी याद किया जाता है। डॉ मुखर्जी उस दौर में जो विचार लेकर चले थे, उनके विचारों को देश में समझने वाला कोई नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपने विचारों को आगे बढाया। हमें डॉ मुखर्जी की विचारधारा को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनकी विद्वता के बारे में चर्चा करनी चाहिए। डॉ मुखर्जी के सपने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का काम किया। कश्मीर में जिन हाथों में पत्थर हुआ करते थे, मोदी ने उन हाथ को रोजगार देकर उस परिवार को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है।

राज्यसभा सांसद घनशयाम तिवाडी ने डॉ शयामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई संस्मरण सुनाए। सांसद तिवाडी ने कहा कि प. बंगाल और कश्मीर आज भारत का अंग है तो उसमें डॉ मुखर्जी का बहुत बड़ा योगदान है। आज भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को डॉ मुखर्जी के पत्रों को जरूर पढ़ना चाहिए। जनसंघ से लेकर भाजपा की यात्रा में डॉ शयामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयान उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरूषों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज भी भाजपा इनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावत, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, भूपेंद्र सैनी, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, पैनेलिस्ट सुरेश गर्ग, विकास बारेठ, विक्रम सैनी, प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी सहित कई भाजपा कार्यक्रर्ता मौजूद रहे।

# 'कांग्रेस ने उप चुनाव के लिए किया समितियों का गठन'

## समिति कार्यकर्ताओ से करेंगी सीधा संवाद

चमकता राजस्थान

जयपुर। लोकसभा चुनाव पश्चात राजस्थान में रिक्त हुये पॉंच विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव की तैयारी हेतु प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने हेतु प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिये चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति ब्लॉक, मण्डल तथा बूथ स्तर के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जायेगा । जमीनी स्तर पर संगठन का मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव हेतु कार्य योजना बनाकर विधानसभा उप चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु रूपरेखा तैयार की जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश के पॉंच विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनावों में पार्टी संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र में जमीनी स्तर तक सक्रियता बढ़ाने हेतु प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु वरिष्ठ कांग्रेसजनों की चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक, मण्डल तथा बूथ कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सीधा संवाद कर संगठन की मजबूती व सक्रियता का फीडबैक लिया लेंगे साथ ही क्षेत्रीय मतदाताओं में संगठन की सक्रियता को बढ़ाने हेतु निर्देश प्रदान किये जायेंगे । चुनावों में कार्यकर्ताओं की भूमिका हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार कर पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना तैयार की जायेगी।

प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा गठित समिति में विधानसभा क्षेत्र झुन्झुनूं हेतु गठित समिति में सांसद बृजेन्द्रसिंह ओला, महासचिव रामसिंह कस्वा, जिलाध्यक्ष दिनेश सूण्डा, विधायक मनोज मेघवाल को शामिल किया गया है। विधानसभा क्षेत्र दौसा हेतु गठित समिति में सांसद मुरारीलाल मीणा, महासचिव पुष्पेन्द्र भारद्वाज, जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओड, विधायक रफीक खान, विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा में सांसद हरीश मीणा, महासचिव प्रशांत शर्मा, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, विधायक विकास चौधरी, विधानसभा क्षेत्र खींवसर में जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, विधायक डूॅंगरराम गेदर, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक हेमसिंह शेखावत, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी तथा विधानसभा क्षेत्र चौरासी में उपाध्यक्ष रतन देवासी, जिलाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार, विधायक पुष्करलाल डांगी, पूर्व विधायक रामलाल मीणा को शामिल किया गया है ।

# विद्याधरनगर में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



चमकता राजस्थान

जयपुर। विद्याधर नगर में श्री शयाम महोत्सव सेवा समिति द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदाताओं को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि हर माह के चौथे रविवार को श्री अग्रवाल सेवा समिति ,विद्याधर नगर के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में जून माह में जिनके जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आते है उनको आमंत्रित करके म्यूजिकल रक्तदान का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर ओमप्रकाश मोदी ने रक्तदान की महता के बारे में बताया और आग्रह किया कि रक्त की कमी को दूर करने के लिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए एवं स्वयं या किसी को प्रेरित कर के रक्तदान कराकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाना चाहिए । रक्तदान शिविर में ओम प्रकाश मोदी,सीताराम कांडा, डॉ. के.के शर्मा, शिवकुमार ,केशव मोदी ,अनिल कुमार शर्मा ,राजकुमार लोहिया, हरिप्रसाद अग्रवाल,हरिशंकर अग्रवाल, जगदीश गोयल, पवन कुमार गुप्ता, सुधीर गोयल, किरण गोयल ,अनिल अग्रवाल अंजना अग्रवाल, गिर्राज अग्रवाल चांदनी अग्रवाल, डॉ .राजेश मिश्रा, ब्रह्म प्रकाश आर्य, नथमल मित्तल, शशिकांत अग्रवाल, चंद्रप्रकाश झुनझुनवाला, प्रभा झुनझुनवाला, दिनेश अग्रवाल, डॉ. सुनील धायल ,महेंद्र मंगल, देवेंद्र शर्मा ,कानाराम गुर्जर आदि उपस्थित रहे। शिविर में रक्त संग्रहण अग्रसेन ब्लड बैंक द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव- 2024 व्यापक स्तर पर मनाया जाए : मुख्य सचिव



चमकता राजस्थान

**जयपुर, 23 जून।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने रविवार को शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक ली और अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि 29 जून 2024 को राज्य भर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे। महोत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों के उत्साह-वर्धन के लिए उन्हें संबोधित करेंगे तथा चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे।

पंत ने आयोजन के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किये तथा उनसे सुझाव भी लिए। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिला स्तर पर महोत्सव के आयोजन के लिए स्थान का चयन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। यह उत्सव सरकार के रोजगार प्रदान करने के प्रयासों का ही परिणाम है। मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री रोज़गार उत्सव में उपस्थित सभी कार्मिकों को उपस्थिति प्रमाण पत्र के अलावा वेलकम किट का वितरण किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से नवनियुक्त राजकीय कार्मिकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस संदीप वर्मा की अगुवाई में विभाग छू रहा नये आयाम

चमकता राजस्थान

जयपुर। आईएएस संदीप वर्मा के सार्वजनिक निर्माण विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव का पदभार संभालने के बाद से ही विभाग सफलता के नए आयाम छू रहा है।

पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने पूरे राजस्थान में विभाग के अधीन आ रही सड़कों और भवनों के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपयोग में लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए विभाग पूरी ईमानदारी के साथ गुणवत्ता मानक चेक करने के साथ ही नियमित रूप से सड़क निर्माण व भवन निर्माण का निरीक्षण कर सड़क व भवन निर्माण में गुणवत्ता मानक से सामग्री का प्रयोग कराएं ताकि वे लंबे समय तक टिक सकें।

### ● जीवन परिचय

12 मार्च 1970 को जन्मे वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक अधिकारी संदीप शर्मा 1993 बैच के हैं,संदीप वर्मा ने बी. टेक., इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी दिल्ली, 1990 एम.टेक., रडार और संचार इंजीनियरिंग, आईआईटी दिल्ली, 1992 से की!

आईएएस संदीप वर्मा, वर्तमान में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं !

संदीप वर्मा मूल रूप से असम-मेघालय कैडर के हैं और आईएएस श्रेया गुहा (अतिरिक्त मुख्य सचिव सड़क एवं परिवहन विभाग ) से विवाह करने के बाद वे 1999 में राजस्थान आ गए थे,2010 से 2015 तक संदीप वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहे हैं और इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्रालय और योजना आयोग में काम किया है। पढ़ाई और 'नियम-पुस्तक' के पक्षधर माने जाने वाले संदीप वर्मा विभिन्न पदों पर रहते हुए हमेशा निर्विवाद रहे हैं।

### ● कार्यशैली का है अपना अंदाज़

संदीप वर्मा को योग्यता और कड़ी मेहनत के मामले में उच्च 'अंक' प्राप्त हैं, वर्मा अपनी कार्यशैली के कारण हमेशा सबसे अलग हटकर कार्य करने के लिए विख्यात रहे हैं !

उनकी कार्यशैली का अपना ही अंदाज़ है,सार्वजनिक निर्माण विभाग में वर्मा मंगलवार व गुरूवार को मुख्य अभियंताओं के साथ बैठक कर पुरानी योजनाओं की समीक्षा तथा नई योजनाओं आगामी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हैं,वर्मा की कार्यशैली से विभाग की मंत्री तथा उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी भी प्रभावित हैं!


वर्मा का कहना है कि जिस भी व्यक्ति में क्रिएटिविटी होती है उस व्यक्ति का दिल साफ होता है, साथ ही जीवन में कामों में व्यस्त हर व्यक्ति को स्ट्रेस फ्री रहने के लिए खेल या किसी भी कला से जुड़ना चाहिए !

### ● मिल चुके हैं कई पुरस्कार

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के सीएमडी पद पर रहते संदीप वर्मा को भारत सरकार के वित्त विभाग के सहयोग से अरुण जेटली नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फ़ाइनेंशियल मैनेजमेंट द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ पेपर' सार्वजनिक खरीद और आपूर्ति श्रंखला 2022 में डाटा एनालिटिक्स अवार्ड के लिए चुना गया !

वर्मा को अक्सर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में बोलने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने अब तक करीब दो हजार आईएएस अधिकारियों और सैन्य अधिकारियों को एलबीएसएनएए, मसूरी में रक्षा खरीद, सरकारी अनुबंधों और परियोजना प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया है।

प्रशिक्षण इतने लंबे अनुभव के कारण इन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं !



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929